## एक झलक

### लापुंग में भालू के हमले में वृद्ध महिला घायल



**लापुंग :** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के चंपाडिह निवासी वृद्ध महिला सुलामी हेरेंज को भालू ने हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। हमला अभी से कुछ देर पहले हुआ है। महिला चंपाडिह टोगंरी के नीचे स्थित अपने बाड़ी में झाड़ी की कटाई कर रहीं थीं, इसी दौरान भालू अचानक हमला कर घायल कर दिया। महिला ने दौली भांजी तब जाकर भालू भाग गया। घायल महिला को स्वजनों ने पहले दवा दिया फिर इलाज के लिए सीएचसी लापुंग लेकर जा रहें हैं।

### भाजपा ने मनाया संविधान गौरव दिवस



**अनगड़ा :** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के अनगड़ा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो की अध्यक्षता में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की संविधान गौरव दिवस भारतीय जनता पार्टी अनगड़ा मंडल द्वारा चिलदाग नायक टोली बुथ संख्या न. 98 में मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रांची जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, (कार्यक्रम संयोजक युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्तोष महतो, एसी मोर्चा अध्यक्ष बिरसिंग नायक (सहसंयोजक), जगेश्वर महतो( सहसंयोजक) सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हटिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के दिव्यांग कोच से सात किलो गांजा बरामद

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से सात किलो गांजा जब्त किया है। यह गांजा एक्सप्रेस ट्रेन के दिव्यांग कोच से बरामद किया गया। इसकी अनुमानित कीमत 70 हजार रुपये है। हटिया के उप निरीक्षक दीपक कुमार ने बुधवार को बताया कि आरपीएफ के मण्डल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट हटिया और जीआरपी हटिया ने हटिया स्टेशन पर संयुक्त जांच अभियान चलाया, जिसमें एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 15027 के दिव्यांग कोच में एक भारी ट्रॉली बैग बर्थ के नीचे पड़ा मिला। सहायक सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ अशोक कुमार सिंह की मौजूदगी में बैग में दो पैकेट में सात किलो गांजा बरामद किया गया। गांजा को जीआरपी हटिया ने जब्त कर लिया। इस मामले में जीआरपी हटिया ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा के तहत मामला दर्ज किया है।

### हैप डेली 'अरुण आइसक्रीम्स' कॉर्नर का शुभारम्भ

**रामगढ़ :** शहर के रामगढ़ महाविद्यालय के निकट बुधवार को हैप डेली 'अरुण आइसक्रीमस' शोरूम का शुभारंभ किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने अरदास करवा कर किया। इसके बाद भाजपा नेत्री इलारानी पाठक, बलजीत कौर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर संचालक हरमीत सिंह कालरा और कीर्ति गौरव ने बताया कि गुणवत्ता के मामले में यह आइसक्रीम अन्य आइसक्रीम से बेहतर है। इस अवसर पर प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मनपाल सिंह, तेजिंदर सिंह सोनी, रविंद्र सिंह, अनिल गोयल, हरजाप सिंह, जितेंद्र पवार, बलविंदर सिंह पवार, राजू कालरा, जसमीत कौर सोनी, रिंकल कालरा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस के मद्देनजर रामगढ़ उपायुक्त ने की बैठक

# तैयारियों की समीक्षा की, दिये दिशा-निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी गणतंत्र दिवस के मद्देनजर बुधवार को जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को कार्यक्रम के दौरान मैदान में एंबुलेंस एवं चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति करते हुए किसी भी स्वास्थ्य इमरजेंसी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैदान के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, जमीन समतलीकरण व अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में उपायुक्त ने नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य अधिकारियों को आपस में समन्वय करते हुए कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस के मद्देनजर 25 जनवरी रात्रि 10:00 बजे से 26 जनवरी रात्रि 12:00 बजे तक जिले के सभी मधशालाओ एवं बधशालाओं को बंद रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने सहायक आयुक्त उत्पाद को दिया। वहीं बैठक के दौरान झंडोत्तोलन के समय परेड की व्यवस्था, परेड के पूर्वाभ्यास की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान, विधि व्यवस्था आदि विषयों पर भी चर्चा करते हुए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय सिद्वो-कान्हू मैदान में पूर्वाह्न 9:05 बजे से शुरू होगा। उपायुक्त कार्यालय में प्रातः 10:45 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रातः 10:50 बजे, उप विकास आयुकत कार्यालय में प्रातः 10:55 बजे, अनुमंडल कार्यालय में प्रातः 11:10 बजे , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रातः 11:15 बजे एवं पुलिस लाईन रामगढ़ में प्रातः 11:30 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। बताया जाता है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर 16 विभागों जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला कल्याण विभाग, वन प्रमंडल रामगढ़, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़, जिला खनन विभाग, टिस्को वेस्ट बोकारो, जेएसएलपीएस रामगढ़, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला पंचायती राज कार्यालय, जिला कृषि कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय एवं पर्यटन विभाग द्वारा झांकी निकाली जाएगी। विगत वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी जिला प्रशासन द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत वैसे लोग अथवा संस्थाएं जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र से हटकर विकास के लिए अथवा कोई सराहनीय कार्य किया हो उन्हें ₹रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार₹ से सम्मानित किया जाएगा।

## डीटीओ ने चलाया जांच अभियान 2.97 लाख का लगाया जुर्माना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर बुधवार को डीटीओ मनीषा वत्स ने ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जांच अभियान चलाया। विभिन्न चौक चौराहों पर चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान में 2.97 लाख रुपए का जुमार्ना गाड़ियों पर लगाया गया है। डीटीओ ने भारी मालवाहक वाहनों सहित अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग की जांच की। इस दौरान वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। जांच के दौरान कुल 20 से 25 बड़े वाहनों की जांच की गई। इसमें 14 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए। उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुर्माना की वसूली की गई। इसमें लगभग कुल 2,97,507 रुपया जुर्माना वसूल किया गया। उन्होंने बताया की जांच के दौरान 14 बड़ी वाहनों का पेपर फेल, फिटनेस, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट एवं रिफ्लेक्टिव टेप नही लगा होने के कारण लगभाग 2,97,507 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## लतरातु डैम से बोरे में बंद महिला का सिर कटा शव मिला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** लापुंग के लतरातु डैम से बुधवार को अज्ञात महिला की बोरे में बंद रस्सी में बंधा हुआ शव बरामद हुआ है। शव में सिर व दोनों पैर भी नहीं है। वहीं शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव लगभग एक सप्ताह पुरानी है। व शव से बदबू आ रही थी। डैम में शव होने की जानकारी ग्रामीणों ने लापुंग थाना पुलिस को दी , पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला तो वहीं मौजूद पुलिस व ग्रामीण हक्का बक्का रह गये। महिला का शव को कंबल में लपेटकर रस्सी से बांधा हुआ था । और शरीर से सर व दोनों पैर गायब थें। व शरीर में नीले रंग का ब्लाउज के अलावे कपड़े भी नहीं थें। संभावना जताई जा रही है कि महिला की हत्या कहीं और कर सिर व पैर काटकर बाद में लाकर डैम में फेंक दिया गया है। वहीं पुलिस ने आस पास सिर व पैर की खोजबीन किया साथ ही आसपास की किसी महिला के गायब होने की सूचना पर भी छानबीन किया। पुलिस को आशंका है कि महिला की हत्या करने के बाद उसका सिर काट कर तालाब में फेंक दिया गया है। अपराधियों ने इस घटना को सप्ताह भर पूर्व ही अंजाम दिया होगा। वहीं पुलिस ने दुष्कर्म समेत अन्य पहुलुओ की बारीकी से जांच भी किया, वहीं बाद में शव को कब्जे में लेकर थाने ले गई। कल पोस्टर्मार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा।

## राहे थाना क्षेत्र में एक ही रात दस घरों में चोरी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू :** राहे थाना क्षेत्र के नावाडीह पंचायत अंतर्गत बारूडीह, पारमडीह ओर बुकरूडीह गांव में गत रात अज्ञात चोरों द्वारा दस घरों में ताला तोड़ कर नगद रुपए एवं सोने-चांदी के गहने की चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि चार घरों में ताला तोड़ कर प्रवेश किया परंतु कोई भी वस्तु का चोरी नहीं हुई । छः घरों में नगद राशि और जेवरात की चोरी किया गया। चोरों ने घर से बक्शा निकाल कर खेत में जाकर तोड़ फोड़ भी की। ग्रामीणों ने राहे पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना के तत्काल बाद पुलिस गांव पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। ग्रामीणों ने बताया कि छः घरों के लोग मेहमान गए थे।घर के बाहर ताला बंद था।अन्य घरों के लोग दूसरे कमरे में सो रहे थे।बारूडीह गांव के माला देवी, जयश्री देवी और नमिता देवी जो एक ही कैंपस में है ,इनके घर का ताला तोड़, घर में प्रवेश कर अलमारी तोड़ कर नगद राशि और जेवरात निकाल लिये। टीन के बक्शा को खेत में ले जाकर तोड़ा। इनके घर से तीन लाख तक के जेवरात और 30 हजार नगद राशि की चोरी हुई है।

गांव के ही भुनेश्वर महतो, फुलेश्वर महतो ओर बिंदु देवी के घर का ताला तोड़, अलमारी से ढाई लाख के जेवरात और 50 हजार तक का नगद राशि की चोरी हुई है। पारमडीह गांव के अनिल कोइरी, केशर मुंडा घर से 1 हजार रुपए की चोरी हुई। बुकरुडीह गांव के मीना देवी,ओर शांतिराम महतो के दरवाजे को तोड़ा गया लेकिन कोई वस्तु की चोरी नहीं हुई।

**चोरी कर रहे लोगों का सीसीटीवी कैमरे में हुई रिकॉर्डिंग**

पारमडीह गांव के समीप एक ग्राहक सेवा केंद्र की सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना को अंजाम देते रिकॉर्डिंग हुई है ।काले रंग के कार में चार लोग उतरते हैं घटना को अंजाम देते हैं और पुनः चार लोग कार में सवार होकर निकल पड़ते हैं। रात के 1 बजकर 15 की घटना बताई गई है।रात होने के कारण किसी का चेहरा साफ दिखाई नहीं दे रहा। कार का नंबर भी स्पष्ट नहीं दिखाई दे रहा।

**लगातार तीन प्रखंड में हुई है चोरी की घटना**

बताते चले कि गत 10 जनवरी को सोनाहातू थाना क्षेत्र के मारांगकिरी ओर चरकुडीह गांव में छः घर में चोरी हुई थी।

सिल्ली थाना क्षेत्र दोवाडु गांव में गत19 जनवरी को 5 घरों में चोरी है तथा 8 घरों का ताला तोड़ा गया था। अज्ञात चोर बंद घर को टारगेट करते है, जब घर के सदस्य बाहर गये होते है।

## जलछाजन यात्रा की सफलता को लेकर बेड़ो प्रखंड में हुई बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** जलछाजन यात्रा की सफलता को लेकर बुधवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप की अध्यक्षता विशेष बैठे का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम की सफलता को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है और झारखंड में इसकी शुरूआत बेड़ो प्रखंड से किया जा रहा है। हमारा सामुहिक प्रयास हो की यह कार्यक्रम शत प्रतिशत सफल रहे। इसकी सफलता हम सब की जिम्मेदारी है। मौके पर उपस्थित जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। और इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, मुखिया रमेश उरांव,लक्ष्मी कोया,सुशांति भगत, बुधराम बाड़ा, जेएसएलपीएस के मुकेश कुमार, कुलदीप उरांव, प्रधान लिपिक फारूक नदीम,सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल,कुमार रितेश, कनिय अभियंता सद्दाम हुसैन, दुर्गा टाना भगत, अभय आशीष कोया, सुरेश लिंडा सहित पंचायत सेवक ,रोजगार सेवक, जन सेवक एवं प्रखंड के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## श्री अग्रसेन स्कूल में मना राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बुधवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यालय परिवार ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। इस अवसर बच्चों ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए पेंटिंग, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता में भी भाग लिया। बच्चों को सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक सावधानियां और दुर्घटना के कारणों की जानकारी दी गई। अभिभावकों को भी प्रेरित करने के लिए जागरूक किया गया। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण सड़क पर लापरवाही व यातायात नियमों की अवहेलना है। बच्चों में बचपन से जो संस्कार के बीज रोपे जाते हैं, वह जीवन भर काम आते हैं। इसलिए बच्चों में सड़क पर सुरक्षित व्यवहार का संस्कार शुरू से भरने की जरूरत है। बच्चे अगर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होंगे तो वह अपने अभिभावकों को भी नियमों के प्रति प्रेरित करेंगे। एचके सिंह ने कहा कि हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना को नियंत्रित करने के लिए नियमों का पालन करें। नियमों का अनुपालन किसी दण्ड के भय से नहीं, बल्कि स्वयं की सुरक्षा और दायित्व के ख्याल से करना चाहिए। हमें कानून सम्मत उम्र से पहले वाहन नहीं चलाना चाहिए। सड़क दुर्घटना के घायलों को अस्पताल पाहुचाएं या हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर तुरंत सहायता करें। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सड़क सुरक्षा का शपथ लिया।

## बेड़ो थाना परिसर में जनशिकायत समाधान शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** थाना परिसर में बुधवार को जनशिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बेड़ो थाना के 16 व नरकोपी थाना के एक मामला पर छानबीन करते हुए समाधान किया गया।शिविर में बेड़ो एवं नरकोपी के ग्रामीणों ने पदाधिकारियों के समक्ष विभिन्न मामलों को लेकर अपने जन शिकायतों के समाधान के लिए बेड़ो थाना में पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराया।जिसका समाधान किया गया। वहीं शिविर में बेड़ो के डीएसपी अशोक कुमार राम, अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, पुलिस निरीक्षक उत्तम उपाध्याय, बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह व नरकोपी थाना के एएसआई कंचन कुमार सिंह अक्षय कुमार सिंह मुखिया सुशांति भगत समेत दर्जनों पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## टुसू मेला व फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** नामकुम पंचायत के हुआंगहातु गांव में बुधवार को टुसू मेला तथा फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा मौजूद थे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मौके पर आयोजित टुसू महोत्सव में विधायक भी जमकर थिरके। उपस्थित रोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि विधायक बनने के बाद पहली बार में हुआंगहातु पंचायत आया हूं। उन्होंने कहा कि जब भी मेरी जरूरत पड़े, आप संपर्क कीजिए, आपकी समस्याओं के समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने युवक-युवतियों का आह्वान किया कि आप खूब पढ़े और अपने गांव और जिले का नाम रोशन करें। इसके पूर्व विधायक ने जियारप्पा हुटार बाजार टांड़ में आयोजित जनसभा को भी संबोधित किया। बैठक में लोगों ने विधायक के समक्ष खूंटी में प्रस्तावित बाइपास सड़क के निर्माण से उत्पन्न समस्याओं को रखा। किसानों का कहना था कि सड़क के लिए उनकी जमीन ली जा रही है, लेकिन उसका अचति मुआवजा नहीं मिल रहा है। जो कीमत उन्हें मिलनी चाहिए, वह रैयतों को नहीं मिल रही है। मौके पर विधायक ने कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से ही मैं आज विधायक बना हूं और आप लोगों की समस्याओं को दूर करना मेरी प्राथमिकता है।

## मानव जीवन का अभिन्न अंग हैं खेलकूद : सुदीप गुड़िया

**खूंटी :** रनिया प्रखंड के आरसी प्राथमिक मध्य विधायल सोदे में बुधवार को वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन स्कूल प्रबधन की ओर से किया गया। महोत्सव में तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अंगवसत और गुलदस्ता देकर विधायक का स्वागत किया गया। मौके पर विधायक ने ऐसे कार्यक्रमों के लिए आयोजन समिति और विद्यालय प्रबंध समिति को धन्यवाद दिया। मौके पर विधायक ने बच्चों से कहा कि आप मन लगकर पढ़ाई करें और अनुशासन में रहकर सभी काम करें, आपको सफलता जरूर मिलेगी। विधायक ने कहा कि मानव जीवन के लिए जिस प्रकार भोजन-पानी जरूरी है, उसी प्रकार खेलकूद भी हमारे जीवन के अभिन्न अंग है।

## भू-माफियाओं पर जमीन कब्जा करने का आरोप, की शिकायत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** भरेचनगर निवासी मंजू देवी पति मनीष करमाली बुधवार को जमीन पर भू माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा करने की शिकायत लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो से मुलाकात की। मंजू देवी ने बताया कि मौजा बोगाबार प्लॉट नंबर 2311, खाता नंबर 241, रकवा 02 एकड़ 20 डिसमिल भूमि का किस्म गैर मजरूवा खानदानी है। उक्त भूमि के हुकुमनामा पर मेरे परदादा ससुर के नाम बीगु करमाली और बिंदा करमाली दर्ज है। परिवार उस जमीन पर खानदानी खेती करते आए हैं।लेकिन वर्तमान में उस जमीन पर भूमाफियाओं के द्वारा डरा धमका कर जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा किया गया है। इसकी शिकायत रामगढ़ उपायुक्त से भी की गई है। लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने संबंधित विभाग से मोबाइल पर संपर्क करते हुए कहा कि जांच पड़ताल कर निष्पक्ष कार्रवाई करने की बात कही। रमेश कुमार महतो ने कहा कि गरीब, शोषित, वंचितों को उनका अधिकार दिलाना झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की पहली प्राथमिकता है।

## रामगढ़ में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# कार्यक्रम के दौरान 11 शिकायतों का हुआ समाधान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखण्ड पुलिस की अनूठी पहल जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को फुटबॉल मैदान में किया गया। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान कुल 53 शिकायतकर्ताओं ने उपस्थित होकर अपनी शिकायतों को पुलिस के समक्ष साझा किया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा शिकायतकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और संबंधित अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ एवं पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), रामगढ़ को स्वयं संबंधित मामले की जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया। प्राप्त शिकायतों के समाधान हेतु थाना और ओपी प्रभारी द्वारा त्वरित कार्रवाई किया गया, जिसमें कार्यक्रम के दौरान ही कुल 11 मामलों का निपटारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), रामगढ़, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ और पतरातू, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, माण्डु और गोला, परिचारी प्रवर, परिचारी, पुलिस केन्द्र, रामगढ, पुलिस निरीक्षक, माण्डू , गोला, सभी थाना और ओपी प्रभारी, पैरा लीगल वॉलंटियर एवं अन्य संबंधित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## बेड़ो से 74 वर्षीय बुजुर्ग लापता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो थाना क्षेत्र के तेतर टोली बेड़ो से एक 74 वर्षीय बुजुर्ग गुरुचरण लोहरा के अचानक गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़ित चचरे भाई कृष्णा लोहरा ने बेड़ो पुलिस थाने में अपने चचरे भाई की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। कृष्णा लोहरा ने बताया कि मेरा चचेरा भाई गुरुचरण लोहरा 15 जनवरी 2025 को बंगाल मलांगी चाय बागान हसीमारा जलपाईगुड़ी काल चीनी से मेरे घर आया था। मेरे घर एक दिन रहने के बाद 17 जनवरी को बेड़ो तेतर टोली अपने फुआ दुखनी देवी के घर पहुंचा। वहीं 18 जनवरी को फुआ के घर से गाड़ी भाड़ा का पैसा लेकर जलपाईगुड़ी जाने के लिए निकला लेकिन वह अभी तक अपने घर नहीं पहुंचा। इनका रंग गोरा है जो सफेद रंग का कुर्ता व लाल रंग का लोवर पहने हुए हैं। मेरे चचरे भाई के स्वजन और हमलोगों ने रिश्तेदारियों सहित आस पास के गांवों में भी तलाश की लेकिन फिर भी गुरुचरण का पता नहीं लग सका। वहीं मंगलवार को कृष्णा लोहरा ने बेड़ो थाना में अपने चचरे भाई के गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। वहीं गुरुचरण के नहीं मिलने से स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। इधर पुलिस ने मामला दर्ज कर बुजुर्ग की तलाश शुरू कर दी।

## एक झलक

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने लगाया रक्तदान शिविर



**रांची :** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 41वें स्थापना दिवस को वृहत रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर झारखंड प्रांत द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष विनीता सिंघानिया के नेतृत्व में सात दिवसीय कार्यक्रम में सातवें दिन रक्तदान कार्यक्रम के अंतर्गत एस्टर ग्रीन अपार्टमेंट, काके रोड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 11 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसमें पूर्व अध्यक्ष श्वेता भाला, कंचन सोमानी, रोजी खण्डेलवाल, कोमल पोद्दार, स्मिता अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### कार डिटेलिंग स्टूडियो 'डिटेलिंग डैडी' का हुआ उद्घाटन



**रांची :** रांची में कार प्रेमियों के लिए एक नया केंद्र, 'डिटेलिंग डैडी' का उद्घाटन किया गया। झारखंड के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रांची के विधायक सीपी सिंह ने 'डिटेलिंग डैडी' का उद्घाटन कर दी नई शुरूआत।

### भगवान राम के आदर्श में सेवा, प्रेम, दया, सामूहिकता, सौहार्द की खुशबू समाहित है : रामजी यादव



**रांची :** बुधवार को वाईबीएन यूनिवर्सिटी नामकुम रांची के सौजन्य से भगवान राम के मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर यूनिवर्सिटी के चेयरमैन रामजी यादव ने कहा कि हमें भगवान राम के आदर्श को अपने साथ लेकर कर्म करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत ऋषि मुनियों का देश है और यहां डिवोशन टुवर्ड्स नेशन इस आवर रिलिजन है। साथ ही कहा कि वर्ष 17 दिसंबर 2025 से 17 दिसंबर 2026 तक अब्दुल रहीम खान खाना की 470वीं जयंती एक वर्ष तक मनाया जाएगा। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा एवं सौहार्द के लिए कार्यक्रम होंगे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि वाई बी एन यूनिवर्सिटी रांची एवं वाई बी एन स्कूल धुर्वा इसके लिए हमेशा तत्पर रहेगा। झारखंड के समुचित विकास में विश्वविद्यालय परिवार लगा हुआ है। इस अवसर पर राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन के सहायक प्राध्यापक डॉ ओम प्रकाश ने कहा कि vikshitbharat@2047 का संकल्प संस्कृत के अहं से वयं तक के प्रयास से हो रहा है। हम भारत की संस्कृति, सभ्यता एवं पारिवारिक भाव से बढ़ रहे हैं। ईमानदारी, निष्ठा, सात्विक प्रेम ही कार्य का आधार है।

### रांची स्थित पहाड़ी मंदिर में पहाड़ी बाबा को लगाया 56 भोग



**रांची :** रांची स्थित पहाड़ी मंदिर में भव्य श्रृंगार पहाड़ी बाबा का किया गया एवं महाकाल के रूप का दर्शन भक्तजनों को कराया गया फूलों से सजा बाबा का दरबार बहुत ही मनमोहक प्रतीत हो रहा था साथ ही भजनों से भक्तों को बांधे रखा। सुबह 11:00 से पूजा का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ एवं दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक लगातार भंडारे का आयोजन भक्तों के बीच किया गया जिसमें भक्तों को पूरी आलू चने की सब्जी बुंदिया मालपुआ खीर सहित 56 भोग के प्रसाद वितरित किए गए। पहाड़ी मंदिर दैनिक दोपहर श्रृंगार परिवार की ओर से बाबा का महारुद्राभिषेक 151 लीटर दूध से मुख्य मंदिर में किया गया। प्रातः काल 10:00 बजे से दोपहर 1:00 तक इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया तत्पश्चात 1:00 बजे से बाबा का भव्य श्रृंगार एवं भजन के साथ 56 भोग एवं महाआरती का आयोजन किया गया एवं दो बजे से 56 भोग एवं महाप्रसाद का वितरण दर्शनार्थियों एवं सनातन प्रेमियों के बीच किया गया।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# ससमय जिम्मेदारियों को पूरा करने के दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** प्रमण्डलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय समारोह उत्कृष्ट व गारिमामय रूप से आयोजित किया जाए। सभी अधिकारी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह पर मिली सारी जिम्मेदारीयों को ससमय पूरी करना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम से संबंधित समस्त तैयारियों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाए। बैठक में बताया गया कि राजकीय समारोह गणतंत्र दिवस के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में कुल 11 विभागों द्वारा झांकियां निकाली जाएंगी।



झांकियो में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं एवं झारखंड की संस्कृति के संबंध में भव्य झांकियां निकाली जाएंगी। झांकियों का उद्देश्य सरकार के विभिन्न योजनाओं तथा झारखंड की कला संस्कृति से लोगों को जोड़ना है। बैठक में मुख्य अतिथि को आमंत्रित करना, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को समारोह स्थल तक लाने की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर पंडाल, बैरिकेडिंग एवं बैठने की व्यवस्था, समारोह स्थल पर ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं स्वच्छता इत्यादि की व्यवस्था, एम्बुलेंस एवं चिकित्सा व्यवस्था, अग्निशमन, समारोह स्थल तक जाने वाले मुख्य मार्गों पर यातायात और पार्किंग की व्यवस्था इत्यादि की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रीय पर्व के दिन यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। नगर निगम के अधिकारियों को राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर शहर के मुख्य चौराहों, सरकारी कार्यालयों इत्यादि स्थानों पर लाइट व साज-सज्जा एवं महापुरुषों के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने पुलिस अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। पुलिस परेड, झांकी प्रदर्शन, बैंड प्रदर्शन की पूर्व में ही बेहतर अभ्यास करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, पुलिस अधीक्षक यातायात, रांची, नगर पुलिस अधीक्षक, रांची, प्रशासक नगर निगम के प्रतिनिधि , आयुक्त के सचिव, उप निदेशक, सुचना एवं जनसंपर्क, जिला परिवहन पदाधिकारी, अपर जिला दंडाधिकारी, एनडीसी, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, गोंदा, कार्यपालक अभियंता, विद्युत एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा मामले में झारखंड हाई कोर्ट में अगली सुनवाई 26 मार्च को, कोर्ट ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय (जेएसएससी-सीजीएल) परीक्षा पेपर लीक मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) या न्यायिक जांच की मांग को लेकर दायर याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 26 मार्च की तिथि निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि मामले में सीआईडी के अनुसंधान जारी है। मोबाइल सहित कुछ डिजिटल उपकरण को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट में चार सप्ताह का समय लगेगा। इस पर कोर्ट ने सरकार को समय प्रदान करते हुए सुनवाई की अगली तिथि 26 मार्च निर्धारित की। साथ ही राज्य सरकार को अनुसंधान की अपडेट रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने परीक्षाफल प्रकाशन पर अगले आदेश तक रोक बरकरार रखा है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पक्ष रखा। पिछली सुनवाई में झारखंड हाई कोर्ट ने सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का परीक्षाफल प्रकाशन करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक होने के संबंध में दर्ज शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम-2023 के तहत पुलिस एफआईआर दर्ज करें और अनुसंधान कर अपनी रिपोर्ट दे।

### अधिवक्ता कविता कुमारी खाती ने दी पीड़ित मुआवजा की जानकारी

## मध्यस्थता में अधिवक्ताओं व मध्यस्थों की भूमिका अहम : कविता खाती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** बुंडू प्रखंड के कोरम्बो गांव में डालसा का 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता कविता कुमारी खाती, पीएलवी सोनामनी देवी, रूकमनी देवी, सुनीता कुमारी, मुस्कान कुमारी, संध्या कुमारी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। कविता कुमारी खाती ने आगामी 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत व 22 फरवरी को आयोजित होनेवाले विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत की जानकारी दी। आगे उन्होंने युवाओं से कहा कि नशा न करें, नशा से तन और धन दोनों की हानि होती है। बाल विवाह पर बोले कि अभिभावक अपने बच्चियों का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें। डायान-बिसाही पर बोलते हुए कही कि लोगों को डायन कहना और उन्हें प्रताड़ित करना कानूनन अपराध हैं। पीएलवी सोनामनी देवी व रूकमनी देवी ने कहा कि विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। सुनीता कुमारी ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा-पेंशन, वृद्धा-पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड एवं शौचालय स्वच्छता के बारे में जानकारी साझा किये गये। मुस्कान कुमारी व संध्या कुमारी ने आगामी 08 मार्च को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन के लिए फोकस किया जा रहा है।

### अंशुतोष कुमार अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत



**रांची :** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा द्वारा 'युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष' के महत्वपूर्ण दायित्व के लिए अंशुतोष कुमार को मनोनीत किया गया। इस सम्मानजनक पद पर मनोनीत किए जाने पर अंशुतोष कुमार ने महासभा के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। अंशुतोष कुमार ने कहा, ३यह मेरे लिए केवल सम्मान का विषय नहीं है, बल्कि समाज सेवा और संगठन की उन्नति के लिए अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने की प्रेरणा भी है। मैं संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया।

## राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, केन्द्रीय कमेटी एवं केन्द्रीय सरना समिति का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, केन्द्रीय कमेटी एवं केन्द्रीय सरना समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा ने गुमला जिले के डुमरी प्रखंड के सिरसी गांव में 03 फरवरी 2025 को आयोजित होनेवाले सिरसी- ता- नाले दर्शन यात्रा (वार्षिक पूजा -प्रार्थना कार्यक्रम) में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर केन्द्रीय सरना समिति ने अपनी मांग से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करनेवालों में केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, कोषाध्यक्ष प्रकाश हंस, संरक्षक सचिन कच्छप, मुन्ना उरांव एवं राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली, राष्ट्रीय महासचिव जलेश्वर उरांव, राष्ट्रीय सचिव



करमा उरांव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बिरसा उरांव, प्रदेश धर्मगुरु राजेश लिंडा, रामगढ़ राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला धर्मगुरु संदीप उरांव, लोहरदगा जिला धर्मगुरु फुलेश्वर उरांव के अलावा सोमदेव उरांव, जयंती उरांव, कृष्ण भगत, सुकेंदर भगत, बुंडू सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष एतवा उरांव, नूतन कच्छप, सुधु भगत एवं भूलेश्वर भगत प्रमुख रूप से शामिल थे।

### चस्का रेस्टुरेंट का हुआ उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** बुधवार को एनएसयूआई पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अनिकेत राज जी एवं अधिवक्ता तनु राजपुर चस्का (दलादली चौक, रिंग रोड) का दूसरा ब्रांच CHASKA CAFE पिस्का मोड़ में आज उद्घाटन परिवार संग हुआ, जिसमें झारखंड के सभी राजनीतिक एवं सामाजिक लोग उपस्थित हुए। चस्का रेस्टुरेंट संचालक अनिकेत राज, रौशन राज, राजश्री ने बताया की इसकी खास बात यह है कि यहां उचित मूल्य में चाइनीज आइटम, स्नैक्स एवं भोजन का उत्तम प्रबंध है। नाश्ता और खाने का सभी मेन्यू उपलब्ध रहेगा। 1 किमी तक होम डिलेवरी की सुविधा रहेगी और जोमैटो की भी। रेस्टोरेंट में बर्थडे, शादी सालगिरह आदि कार्यक्रम की भी अच्छी व्यवस्था की गई है। परिवार साथ आकर एंजॉय कर सकते हैं। लोग फोन पर बुकिंग करवा सकते हैं। राजनीतिक एवं सामाजिक लोगों ने कहा कि शहर में रेस्टोरेंट और कैफे का खुलना समृद्धि का परिचायक है। इसके खुलने से लोग परिवार के साथ आकर अच्छे भोजन का आनंद ले सकते हैं ।

## एसबीयू में मानसिक स्वास्थ्य पर वेबिनार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** उच्चतर शिक्षण संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों पर सरला बिरला विश्वविद्यालय में आज कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन प्राइवेट यूनिवर्सिटीज द्वारा वेबिनार का आयोजन किया गया। सत्र के दौरान सीआईपीयू के अध्यक्ष एवं एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने विद्यार्थियों से जुड़े अपने शैक्षणिक और प्रशासनिक अनुभवों का जिक्र किया। विद्यार्थियों में अवसाद की समस्याओं को अत्यंत सावधानीपूर्वक हल करने और उनकी बेहतर काउंसिलिंग की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया। भारतीय समाज में अवसाद की समस्या को मानसिक रुग्णता करार दिए जाने और समाज में ऐसे लोगों का तिरस्कार किए जाने के बारे में उन्होंने कई उदाहरण दिया। वेबिनार में बोलते हुए चित्कारा विवि की प्रतिकुलाधिपति डॉ. मधु चित्कारा ने आज के दौर में डिप्रेशन जैसे शब्द के प्रचलन के बारे में बोलते हुए इसे आधुनिक युग की उपज बताया। इससे निपटने के लिए एआई टूल्स के उपयोग की उन्होंने वकालत की। श्री ऑरोबिंदो विवि की वीसी प्रो. ज्योति बिंदल ने आज के दौर में सोशल मीडिया को मानसिक स्वास्थ्य की नकारात्मक प्रवृत्ति के कारणों के तौर पर चिन्हित किया। उन्होंने शिक्षण संस्थाओं में सीनियर विद्यार्थियों का जूनियर से अपेक्षित और सकारात्मक सहयोग, वेलनेस केयर सेंटर और काउंसिलिंग की वकालत की। इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज, नवी मुंबई के वीसी प्रो. शशांक दलवी ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के विद्यार्थियों पर पड़ने वाले प्रभाव और उसमें काउंसिलिंग से लेकर थेरपी और दवाओं के इस्तेमाल पर बात कही। उन्होंने एनईपी 2020 में मानसिक स्वास्थ्य का जिक्र होने को एक क्रांतिकारी कदम बताया। वेबिनार के आयोजन पर विवि के प्रतिकुलाधिपति माननीय बिजय कुमार दलान, माननीय सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा और माननीय कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

### श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वार्षिकोत्सव पर हुआ विशेष पूजा आरती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वार्षिकोत्सव के अवसर पर श्री राधा- कृष्ण मंदिर मे विशेष श्रृंगार, पूजा- अर्चना, भोग, भजन- कीर्तन का आयोजन किया गया। भजन गायक मनीष सोनी, सज्जन पाड़िया एवं निर्मल जालान ने श्री राम, हनुमान,राधा कृष्ण पर आधारित गाए हुए कई सुमधुर मनमोहक भजनों से श्रोताओं को खूब झुमाया। पूरा दरबार जय श्री राम, जय श्री कृष्णा के नारों से गुंजायमान हो गया। सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से महाआरती किया। तथा भोग एवं प्रसाद का वितरण किया गया। श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह से हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

## डीएवी हेहल, रांची के गुरु-शिष्यों ने ली सड़क सुरक्षा की शपथ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल की प्रातःकालीन सभा में सड़क सुरक्षा अभियान पर विशेष बल देते हुए शिक्षक- शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य संग सड़क सुरक्षा के नियमों के अनुपालन हेतु शपथ ली। कुछ बच्चों द्वारा लोगों में जागरुकता लाने के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित पेंटिंग भी दर्शाए गए तो कुछ बच्चों ने बड़ा ही सुन्दर व प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक दिखाकर लोगों का मन मोहने और उन्हें जागरूक करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मालूम हो कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली द्वारा दिनांक 01.01.2025 से 31.01.2025 तक सड़क सुरक्षा माह 2025 मनाने हेतु निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर प्राचार्य एस. के मिश्रा, सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, डीएवी पब्लिक स्कूल्स, झारखंड जोन-जे ने कहा कि भारत सरकार की ओर से उठाया गया यह कदम अत्यंत उत्तम और अनुकरणीय है। इसके माध्यम से हमारे अन्दर सजगता आएगी और हम कुछ ज्यादा सावधान होंगे। वास्तव में सड़क पर चलते समय हमें आगे-पीछे, दाएं-बाएं, चारों तरफ की परिस्थितियों पर एवं स्वयं पर भी ध्यान रखना चाहिए क्योंकि कभी-कभी दुर्घटनाएँ अपनी गलतियों अथवा दूसरों की वजह से भी हो जाती हैं चाहे हम पैदल चल रहे हों या किसी वाहन से। खासकर किशोरावस्था में सड़क सुरक्षा के प्रति विशेष सजगता व सतर्कता की आवश्यकता होती है। हमें हर नियमों का अनुपालन किसी दण्ड के भय से नहीं बल्कि स्वयं की सुरक्षा और दायित्व के ख्याल से अवश्य करना चाहिए। हमें कानून सम्मत उम्र से पहले वाहन नहीं चलाना चाहिए, वाहन चलाते समय हेलमेट, सीटबेल्ट आदि का यथायोग्य प्रयोग करना चाहिए। गतिसीमा का ध्यान रखना चाहिए। किसी भी तरह का मानसिक प्रदूषण- जैसे तनाव आदि से मुक्त रहना चाहिए।

### दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**रांची :** दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के सहयोग से प्रोजेक्ट छलांग के लिए सारथी संस्था, रांची द्वारा नामकुम एवं रातु प्रखंड के 50 सरकारी शिक्षकों को शारीरिक शिक्षा विषय पर दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रखंड संसाधन केंद्र नामकुम में संपन्न हुआ । इस कार्यक्रम का शुभारंभ नामकुम प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती कल्पना तांती द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । प्रशिक्षण में प्रोजेक्ट छलांग द्वारा चलाए जा रहे प्रोग्राम के दो वर्ष के परिणाम को बताया गया साथ ही साथ आगामी वर्ष में होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा हुआ और इस दौरान बहुत सारे खेल में शिक्षकों की भागीदारी भी काफी सराहनीय रही।

## श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर कोकर में भोग वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** बुधवार को सर्व सनातन समाज द्वारा श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर शिव मंदिर चुन्ना भट्ठा में राम लला का पूजन एवं सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया उसके पश्चात ब्लेसिंग बैंकवेंट हॉल के समक्ष खीर का प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर समाज सेवियों ने कहा की, भगवान राम हम सबके प्रेणना है, आज के हर व्यक्तियों को भगवान राम से प्रेणना लेना चाहिए, उनके धर्म के बताए आदर्शो पर चलकर समाज का निर्माण करना चाहिए, समाज सेवियों ने कहा की आज राम जी के अयोध्या में विराजमान होने पर भारत में नए युग की शुरूआत है, आज राम लला के 500 वर्षो के संघर्ष का परिणाम आज सफलता में परिवर्तित होकर पूरे विश्व में लहरा रहा है।



प्रसाद वितरण में जितेंद्र सिंह पटेल, तुषार विजयवर्गीय, सुभाष अग्रवाल, ललिता देवी, अनिल अग्रवाल, अर्जुन ठाकुर, पवन सिंह, मानिक चंद्र ठाकुर, सुनील कुमार, अजनेश सिंह, सोनू मिश्रा, चंदन शर्मा, बंटी पासवान, धर्मेंद्र कुमार, बंटी झा, कृष्ण कुमार, राजू कुमार, संतोष अग्रवाल, गुड्डू सिंह, रूबी देवी, पूनम कुमारी निभा, प्रीति सिन्हा, रेनू कुमारी, फूल कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना' के दस वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की दिलायी गयी शपथ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार द्वारा बुधवार को महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड के द्वारा संचालित विभिन्न गृहों सम्प्रेक्षण गृह डुमरदगा रांची, राजकीय नेत्रहीन एवं मुकबधिर मध्य विद्यालय हरमू, रांची एवं सहयोग विलेज, विशेष दत्तक ग्रहण संस्था का निरीक्षण किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा निरीक्षण के समय उक्त गृहों के कर्मियों को पूर्ण तन्मयता एवं विशेष सतर्कता के साथ नियमानुसार कार्य करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के

- गृहों के कर्मियों को पूर्ण तन्मयता व विशेष सतर्कता के साथ नियमानुसार कार्य करने के निर्देश

समय जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची, श्रीमती सुरभि सिंह एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रांची भी उपस्थित थे। आज मोरहाबादी मैदान में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना' के दस वर्ष पूर्ण होने पर 10 Years Celebration कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित



किशोरी बालिकाओं, उनके अभिभावक, आंगनवाड़ी सेविकाएं आदि को उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का शपथ दिलाया गया, साथ ही हरी झण्डी दिखाकर बाईक रैली को रवाना किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किशोरी बालिकाओं को बीच सैनेटरी पैड का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रांची शहर के मोरहाबादी मैदान में आयोजित की गई कार्यक्रम में जिला समाज कलयाण पदाधिकारी रांची, सुरभि सिंह, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, रांची सदर, महिला पर्यवेक्षिका, रांची सदर, वन स्टॉप सेन्टर, रांची के केन्द्र प्रशासक, एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय, रांची के कर्मी आदि उपस्थित थे।

### विश्व की सबसे बड़ी पार्टी से जुड़ कर लोग गर्व महसूस कर रहे हैं : रोहित शारदा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के युवा नेता रोहित शारदा के नेतृत्व में डोरंडा बाजार स्थित श्री राम भरत मिलाप कार्यालय के समीप भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024-30 के तहत सदस्यता अभियान चलाकर सैकड़ो लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर श्री शारदा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और इस पार्टी से जुड़कर सभी खुद में गौरव महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ की सहसंयोजीका डॉक्टर तानिया चतुराज महिला मोर्चा महानगर की अध्यक्ष पायल सोनी, नम्रता सोनी डोरंडा मंडल भाजपा के अध्यक्ष पीयूष विजयवर्गीय महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता मोटे, विनय ठाकुर, राजेश विजय, रेणुका पासवान, अनिल विजय, संतोष कुमार सहित अन्य सदस्य, सदस्याता अभियान को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे थे।

## एक झलक

### समस्या समाधान के लिए हमेशा तत्पर हरिओम सेवा संस्था

**बलियापुर (धनबाद):** हर समस्या के समाधान के लिए हरिओम संस्था तात्पर्य रहती है।
आमटाल पंचायत के एक अत्यंत जरूरतमंद परिवार ने लड़की के शादी के लिए संस्था के मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता से सहयोग की मांग की। उन्होंने तुरंत इस विषय की जानकारी संस्थापक सदस्य को दी। जिसपर सदस्य विनोद सिंह, प्रेमांशु पाल, प्रभास पाल ने तुरंत मदद करने के लिए आगे आए और जरूरतमंद परिवार को सुखा राशन एवं सहयोग राशि देकर मानव धर्म निभायें।
मौके पर अध्यक्ष डॉक्टर स्वरूप चौधरी, सचिव हारु बाउरी, विजय दत्ता, आमोद बावरी, बबलू बाउरी, शंकर दास, प्रसून दास गुप्ता, अमित जी, सूर्य गोपाल भट्टाचार्य, राणा जी, मुकेश महतो, अनिल, रंजीत महतो, विश्वजीत चक्रवर्ती, दिलीप चौहान, सुधीर चटर्जी, विवेकानंद गौतम, चंदन, दिनेश, संजय रावत, अभय, अविनाश महतो, वरुण महतो, रॉकी, मानिक जी असित जी, संचिता साहा आदि संस्था के सदस्य ने शुभकामनाएं देते हुए हमेशा सहयोग करने का भरोसा दिया।

### झामुमो पार्टी के स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न

**बाघमारा (धनबाद):** बुधवार को खानूडीह के आवासीय परिसर में झामुमो पार्टी के स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर बैठक पूर्व युवा प्रखण्ड अध्यक्ष प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से झमुमो नेता रतिलाल टूडू उपस्थित हो कर कार्यकर्तओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस बार जिले के हर एक क्षेत्र से हजारों लोगों की उपस्थिति नई सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं महिला शशक्तिकरण की प्रतीक विधायक श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन को आशीर्वाद देने पहुंच रही है, जिसमें हमारे बाघमारा की रिकॉर्ड तोड़ उपस्थिति दर्ज करानी है।
वहीं पूर्व प्रखण्ड सचिव ने कहा की इस बार स्थापना दिवस समारोह ऐतिहासिक होगी। बाघमारा से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता धनबाद पहुंचेगे। बैठक में टुंडी विधायक प्रतिनिधि बिरजू सोरेन, रंजीत महतो बिनोद महतो, प्रेमा पाण्डेय, अताउर रहमान, मरियम खातून बिनोद रवानी, गणेश महतो शुद्धमशु पाण्डेय, नारायण रजवार, मो शमीम, राजू प्रामाणिक, गुड्डू सिंह, लखन लाल टूडू, महाबीर हंसदा, दिलीप हेम्ब्रम, अनिल ठाकुर, अनिल टूडू, जितेंद्र टूडू, शिव कुमार सोरेन, मनोज मरांडी, आदि कई नेता मौजूद रहे।

### किन्नरों ने की हजरत चिमनी शाह बाबा की दरगाह पर चादर पोशी

**झरिया (धनबाद):** अखिल भारतीय किन्नर समाज के द्वारा बुधवार को कोयलांचल के प्रसिद्ध दरगाह हजरत चिमनी शाह बाबा के 165 वां उर्स मुबारक के मौके पर गाजे बाजे के साथ, नाच गान से किया। इस मौके पर अखिल भारतीय किन्नर समाज के प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी ने बताई की हजरत चिमनी शाह बाबा की दरगाह पर मैं लगभग 50 वर्षों से चादर पेशी करती आ रही हूं।
चादरपोशी के एक दिन पूर्व मिलाद और कुरानखानी के आयोजन साथ में लंगर का भी आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि हजरत चिमनी शाह बाबा की दरगाह पर आने से हमें काफी सुकून मिलती है। साथ ही दरगाह पर किन्नर समाज के द्वारा विशेष दुआ मांगी जाती है,जिससे जजमानों को हर खुशी मिले और पूरी दुनिया में हमारा भारत देश चमकता रहे। इस मौके पर बबीता किन्नर, बोकारो अरुण किन्नर रामगढ़ ज्योति किन्नर, गोमो, श्वेता किन्नर निर्मला किन्नर राखी किन्नर रेखा किन्नर पिंकी किन्नर अश्वनी किन्नर आदि सैकड़ो किन्नर चादर पेशी में शामिल हुए।

### जनता श्रमिक संघ की बैठक में शामिल हुई विधायक

**झरिया (धनबाद):** बिहार बिल्डिंग कार्यालय में बुधवार को जानता श्रमिक संघ की बैठक हुई।
जनता श्रमिक संघ की महामंत्री रागिनी सिंह ने बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपील की। इस दौरान मुख्य रूप से संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिन्हा, केडी पांडेय, उपेन्द्र कुमार सिंह, शिव कुमार यादव, शैलेंद्र सिंह, अनिल नोनिया, राजू सिंह समेत कई अन्य वरिष्ठ कनिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

### अखंड हरि कीर्तन का शुभारम्भ

**झरिया (धनबाद):** झरिया विधानसभा क्षेत्र के बस्ताकोला मंडल स्थित राइज झरिया में नव युवक समिति सदस्यो द्वारा आयोजित अखंड हरि कीर्तन में झरिया विधायक श्रीमती रागिनी सिंह सम्मिलित हुई। जहां उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फीता काट कर पूजा का शुभारंभ किया।

# 06 केन्द्रों पर जन शिकायत समाधान शिविर का हुआ आयोजन

**समाधान**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद के 6 केन्द्रों पर बुधवार को तृतीय जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया।
कतरास स्थित राजस्थानी धर्मशाला, जोरापोखर स्थित टाटा कम्युनिटी सेंटर, डीएसपी विधि व्यवस्था अंतर्गत सभी थाना के लिए लूबी सर्कुलर रोड स्थित कला भवन, निरसा अनुमंडल के लिए निरसा पॉलिटेक्निक कॉलेज, डीएसपी हेडक्वार्टर 1 अंतर्गत थाना के लिए हरदेव धर्मशाला गोविंदपुर, डीएसपी हेडक्वार्टर 2 शिविरों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। उन्होंने अपनी शिकायत के समाधान के लिए अधिकारियों को आवेदन दिए।
एसएसपी एचपी जनार्दनन ने कला भवन में आयोजित शिविर का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। उनके साथ सिटी एसपी



अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, डीएसपी शंकर कामती, डीएसपी सुमित कुमार, धनबाद थाना प्रभारी व अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।
इस अवसर पर एसएसपी ने कहा कि झारखंड के डीजीपी के निर्देश पर पुलिस को आम जनों के साथ जोड़ने के उद्देश्य से झारखंड के सभी जिलों में आज ऐसे शिविरों का तीसरी बार आयोजन किया गया है। शिविर में आमजन पुलिस के वरीय पदाधिकारियों से मिलकर अपनी समस्या बता रहे हैं। आमजनों की परेशानी से पुलिस अवगत हो रही है। पीड़ित को जल्दी न्याय दिलाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का प्रयास किया जा रहा है। अन्य विभाग की शिकायत को लेकर संबंधित विभाग को प्रेषित किया जा रहा है। साथ ही विभाग द्वारा की गई कार्रवाई पर निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान जिन शिकायतों का निबटारा तत्काल संभव नहीं होगा, वैसे मामलों के निस्तारण के लिए एक समय सीमा निर्धारित करते हुए शिकायतकर्ता को सूचित किया जाएगा। अभियान के उद्देश्य से गठित विशेष सेल यह सुनिश्चित करेगा कि जिन शिकायतों का निबटारा शिविर में नही हुआ वैसे मामलों का निस्तारण तय समय सीमा के भीतर किया जा सके। इस अवसर पर सिटी एसपी अजीत ने कहा कि जन शिकायत समाधान शिविर के तहत शिकायतों के निवारण के लिए जिला स्तरीय विशेष सेल का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से शिकायतों का निवारण विभिन्न चरणों में किया जाएगा। कार्यक्रम में नागरिकों की समस्या को समझते हुए व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लोग अपनी शिकायत व्हाट्सएप नंबर 9470589467 तथा ईमेल jan-sikayat-dhanbad@jhpolice.gov.in पर भी सीधे दर्ज करा सकते हैं।

## हर समस्या का त्वरित समाधान जरूरी: एसएसपी

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** जोरापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा टाटा कॉमन्यूटी सेंटर में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
उद्घाटन धनबाद के एसएसपी एचपी जनार्दनन ने तथा संचालन थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक राजेश प्रकाश सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में जन शिकायत पत्र लेने को हर थाना ओपी की अलग अलग स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसएसपी ने कहा कि समाज में कई तरह की समस्याएं होती है। जिसकी सुनवाई तथा समाधान समय पर नहीं होने से छोटी छोटी समस्याएं विकराल रूप ले लेती है जिससे परेशानी होती है। अगर छोटी समस्या का समाधान समय पर कर दिया जाय तो हिंसक घटनाओं को रोका जा सकता है। मौके पर एसडीपीओ साइबर संजीव कुमार,पुलिस निरीक्षक पंकज भूषण, शशिरंजन, संजय कुमार, ए रौशन सहित अनुमंडल थाना के सभी प्रभारी अधिंसत पुलिस अधिकारियों के साथ मौजूद थे।



## भाजपा का संविधान गौरव अभियान के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**धनबाद :** बलियापुर रोड कोला कुसमा मांझिलाडीह स्थित जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी का संविधान गौरव अभियान 'हमारा संविधान हमारा अभिमान' के तहत प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रोचक आयोजन में छात्र-छात्राओं ने कठिन प्रश्नों का जवाब देकर शानदार प्रदर्शन किया। विजेता छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर उपस्थित अतिथियों ने सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिन्हा, धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष सरवन राय, भाजपा के कोषाध्यक्ष, जेपी हॉस्पिटल व जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष प्रदीप मंडल जिला महामंत्री मानस प्रसून, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा, युवा




मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धनबाद महानगर, जेपी ग्रुप का हॉस्पिटल व जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल, जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. किमी नित्यानंद मंडल ने आयोजन को सफल और शानदार बनाने में मुख्य भूमिका निभाई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डी फार्मा प्राचार्या नीलम सिंह, नर्सिंग प्राचार्या सोमनाथ भट्टाचार्य, असिस्टेंट प्रोफेसर गोपाल पासवान, असिस्टेंट प्रोफेसर श्याम प्रकाश राय, असिस्टेंट प्रोफेसर प्रियांशु कुमारी, ले. पुतुल मित्र, ले. मोनिका महतो, ले. वर्षा रानी, ले. लक्ष्मी कुमारी ले. पुतुल मित्रा, ले. मोनिका महतो, ले. लक्ष्मी कुमारी, ले. वर्षा कुमारी समेत जेपी इंस्टीट्यूशन के समस्त स्टाफ, आमंत्रित अतिथि, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पुलिस व पब्लिक के बीच अच्छा संबंध स्थापित हो : डीआईजी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कतरास (धनबाद) :** कतरास राजगंज रोड स्थित राजस्थानी धर्मशाला में बुधवार को पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत तीसरा शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा, एसएसपी धनबाद एच पी जनार्दन, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, यातायात डीएसपी अरविंद कुमार सिंह, सुनील कुमार शर्मा, नगर प्रबंधक साबिर आलम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीआईजी सुरेंद्र कुमार




झा ने कहा कि झारखंड सरकार और डीजीपी का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है कि फरियादियों को तत्काल न्याय मिल सके पुलिस और पब्लिक के बीच अच्छा संबंध स्थापित हो सके।
वहीं एसएसपी एचपी जनार्दन ने कहा कि कार्यक्रम में आए लोग लिखित या मौखिक रूप से अपने थाना के टेबल पर अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं, उन्हें शिकायत की रिसीविंग भी उपलब्ध कराई जाएगी।
ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने साइबर अपराध से बचाव और सावधानी की विस्तृत जानकारी दी और लोगों से कहा कि किसी भी प्रकार की तत्कालीन शिकायत हो तो 112 डायल कर अपना शिकायत करें। विभिन्न थानों के टेबल पर अधिकांश मामले जमीन संबंधित आए इसके अलावा नगर निगम से संबंधित मामले, मारपीट के मामले भी आए है। उक्त कार्यक्रम में लगभग 50 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमे से कई शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया गया।
मौके पर अंचल अधिकारी बाघमारा बाल किशोर महतो, बाघमारा अनुमंडल अंतर्गत सभी थानों के प्रभारी/पुलिस अधिकारी सहित आम जनमानस उपस्थित थे।

## सीआईएसएफ के आईजी व सीएमडी ने लोदना क्षेत्र का किया दौरा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अलकडीहा (धनबाद) :** बीसीसीएल की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा संसाधनों के रख रखाव को लेकर सीआईएसएफ के पुलिस महानिरीक्षक विपुल शुक्ला एवं सीएमडी समीरन दत्ता ने बुधवार को लोदना क्षेत्र का दौरा किया। दौरे के दौरान अधिकारियों ने कुजामा, जीनागोरा एफ पैच, बरारी परियोजना के क्षेत्रों में कोयला उत्पादन और डिस्पैच की प्रक्रिया तथा कोयला ट्रांसपोर्टिंग के रास्ते का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कुजामा परियोजना में अव्यवस्था को देख श्री शुक्ला और श्री दत्ता भड़क गए। कर्मियों को व्यवस्था में सुधार लाने तथा सड़क की दशा को सुधारने व लाइटिंग की व्यवस्था बढ़ाने का निर्देश दिया।



इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा मामले में किसी स्तर पर किसी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं किए जाने की अधिकारियों को चेतावनी दिया। परियोजना के निरीक्षण के क्रम में आईजी श्री शुक्ला डीआईजी आनंद सक्सेना, डीटी संजय सिंह, डिप्टी कमांडेंट विवेकानंद चौधरी, जीएम निर्झर चक्रवर्ती, एजीएम परवेज आलम के साथ लोदना क्षेत्रीय कार्यालय में बनी जीपीएस और सीसीटीवी की नियंत्रण कक्ष का लगभग डेढ़ घंटे तक निरीक्षण किया। निरीक्षण करते हुए कोयला ट्रांसपोर्टिंग और डिस्पैच में लगी वाहनों, लोडिंग प्वाइंटों तथा उत्खनन परियोजनाओं की निगेहबानी को लगी सीसीटीवी एवं जीपीएस की मशीनों की जांच कर खामियों को खंगाला। श्री शुक्ला ने नियंत्रण कक्ष के अभियंता को सभी कैमरे और जीपीएस की तकनीकी व्यवस्था को अविलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के बाद श्री शुक्ला ने कहा कि सरकार ने बीसीसीएल की परिसंपत्तियों की सुरक्षा को उन्हें तैनात किया है। कंपनी की प्रॉपर्टी की सुरक्षा को लगी तकनीकी व्यवस्था को उन्होंने जांचा। कोयला चोरी के संबंध में उन्होंने कहा कि कंपनी की सुरक्षा करना सीआईएसएफ का दायित्व है। हम अपनी जिम्मेवारी को हर हाल में निर्वहन करेंगे।

## सिन्दरी की बच्ची शिवांगी बनी प्रधानमंत्री की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की रोल मॉडल



**सिन्दरी (धनबाद) :** सिन्दरी कल्पना टॉकीज के प्रबंधक वशिष्ठ नारायण सिंह की पोती शिवांगी सिंह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की रोल मॉडल बनी है। माता शोभा सिंह और पिता राघवेन्द्र प्रताप सिंह की पांच वर्षीय पुत्री शिवांगी सिंह का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बातचीत करते हुए फोटो आज बुधवार को देश भर के समाचार पत्रों मे प्रकाशित हुआ है। शिवांगी सिंह ने मल्टीपल पब्लिक स्कूल गुड़गांव की छात्रा के रुप में उत्साही मुलाकात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की थी।

## दलित महिला ने झरिया के पूर्व इंस्पेक्टर व डीएसपी के खिलाफ की शिकायत

**झरिया (धनबाद) :** झरिया थाना अंतर्गत कलाली पट्टी स्थित एक दलित परिवार ने बुधवार को जामाडोबा कम्युनिटी सेंटर में आयोजित समस्या समाधान कार्यक्रम में अपनी पीड़ा से पुलिस को अवगत कराया। बताया कि उसके जमीन को दबंगों ने झरिया पुलिस की सहायता से अवैध कब्जा कर, जाति सूचक गाली-गलौच व मारपीट किया। विरोध करने पर पुलिस ने मामले की खानापुर्ति करके घर की दो मासुम महिलाओं के उपर धारा 107 लगाया। पीड़ित ने गुहार लगाया कि पुलिस ने जिस तरह से मिथ्या, तुच्छ, द्धेषपुर्ण, कपटपुर्ण और गलत तरीके से खानापुर्ति किया हैं और 107 की काविाई की हैं, जॉचोंपरांत दोषियों के खिलाफ अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार (निवारण) 1989 के



तहत कारवाई की जाय। इससे यह मामला पुलिस प्रशासन के लिए गले की हड्डी बनी गई हैं। रूबी कुमारी ने आज कार्यक्रम में उपस्थित होकर याचिका देकर दबंगों से उसकी खतियानी जमीन पर से अवैध कब्जा और निर्माण को हटाने की मॉग किया। कहा कि यदि यह नहीं हटाया गया तो उसके कारण उसके परिवार की जान जा सकती है। कहा कि मो0 सुलेमान रंगरेज ने गैर आबाद की जमीन पर घर बनाते समय झरिया पुलिस के जमादार हेब्रराम की सहायता से उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करके अवैध निर्माण किया और यह जमीन उपेन्द्र साव की पत्नी के नाम बेच दिया और उसने भी अपने भाईयों के सहयोग से दबंगता पुर्वक उसकी जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण किया। जमीन कब्जा के बाद से आये दिन गाली-गलौच करते रहता था। पिछले साल 26.01.23 को मोनु कुमार साव, सोनु कुमार साव, कृष्णा साव, श्रवण साव एवं अन्य ने उसके एवं उसकी पत्नी के साथ मारपीट, गाली-गलौच, जाति सूचक, छेड़छाड़, लूटपाट जैसी घटना को अंजाम दिया। पुलिस में शिकायत करने पर दरोगा फारूक अंसारी ने कोई कार्रवाई नहीं किया। इससे दबंगों ने एक बार फिर उसके घर की सभी महिलाओं और उसके भाई-बंधु ने मिलकर 09.01.24 को सुनियोजित साजिश के तहत घटना की पुनरावृति की।

## 24 जनवरी को मेगा रक्तदान शिविर



**धनबाद :** धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन और श्री क्लिनिक धनबाद के संयुक्त तत्वाधान में एक राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स शुक्रवार, 24 जनवरी को एक ऐतिहासिक रक्तदान अभियान की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि जिसका उद्देश्य एक ही दिन में सबसे अधिक रक्तदान और रक्तदान की शपथ के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में एक रिकॉर्ड स्थापित करना है। यह नेक पहल ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के स्वर्ण जयंती वर्ष में जे.एस. शिंदे के 75 वें जन्मदिन के शुभ अवसर पर आयोजित की जा रही है।हम सभी मित्रों, ग्राहकों, कर्मचारियों और अन्य लोगों को इस जीवन रक्षक अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हैं। रक्तदान न केवल दयालुता का कार्य है, बल्कि मानवता के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान भी है। यह रक्तदान श्री क्लिनिक धनबाद में होगा। इस कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर प्रयासों का समन्वय किया गया है। एआईओसीडी राज्य और जिले उन सभी स्वयंसेवकों, रक्त बैंकों और जिला प्रतिनिधियों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं जो इस पहल का समर्थन करने के लिए आगे आये हैं।


## पहले पुलिस और अब पत्रकार बना असामाजिक तत्वों का निशाना

**कतरास (धनबाद) :** राजगंज के अवैध कोयला कारोबारियों का हौसला इतना बुलंद हो गया है कि अब वे पत्रकारों को भी अपना निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला कतरास के राहुल चौक का है जहां उज्वल कुमार दे सहित तीन लोगों ने पत्रकार पर जानलेवा हमला किया। हमलावर पत्रकार को अपनी गाड़ी में खींचकर ले जाना चाहते थे, लेकिन स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से वे फरार होने में कामयाब रहे। घटना किस संबंध में बताया जा रहा है कि उज्वल कुमार दे और उसके साथियों ने एक फोर व्हीलर गाड़ी से पत्रकार का पीछा किया और राहुल चौक पर उन्हें घेर लिया। हमलावरों ने पत्रकार की गाड़ी पर डंडे से हमला कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। हमलावर पत्रकार को गाड़ी से खींचकर ले जाना चाहते थे, लेकिन स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के कारण वे असफल रहे। हमलावर अपनी गाड़ी संख्या जे एच 10 बीडी 9853 से फरार हो गये।

## बीआईटी सिन्दरी के पूर्व निदेशक आईडीपी सिंह का निधन, शोक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिंदरी के पूर्व निदेशक आईडीपी सिंह का आक्समिक निधन पटना में हो गया। 86 वर्षीय आईडीपी सिंह पिछले कुछ दिनो से बिमार थे और पटना के एक हास्पीटल में इलाजरात थे। वे 1993 से 1996 तक बीआईटी सिंदरी के निदेशक रहे और सेवानिवृत्ति तक बिहार सरकार के टेक्निकल एडवाईजर रहे। आई डी पी सिंह अपने उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे।



उनके निधन पर संस्थान में शोकाकुल हो गया है। झारखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डाक्टर डी के सिंह, निदेशक डॉ पंकज राय, उपेंद्र प्रसाद, डी के तांती, अमर कुमार, राजीव रंजन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## 23 वर्षीय युवक सुमित ने फांसी लगा की आत्महत्या

**पाथरडीह (धनबाद):** चासनाला बी टाइप आंबेडकर नगर स्थित बलियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार की अहले सुबह संतोष हाड़ी के 23 वर्षीय पुत्र सुमित हाड़ी ने घर के किचेन में गमछे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।
घटना की जानकार तब हुई जब उसकी मां आरती देवी किसी काम को लेकर उठी तो देखी कि पुत्र किचेन में लटका हुआ है।वही हो हल्ला सुन सारे परिजन जमा हो गये। इधर घटना की जानकारी देते हुए मृतक के पिता संतोष हाड़ी ने बताया की रात्रि में हम सब मिलकर एक साथ खाना खा कर सोने चले गए।सुबह पत्नी के देखने पर जानकारी मिली। कहा कि मेरा पुत्र बहुत ही सुंदर स्वभाव का था,जो टाउन में सफाई कर्मी का काम किया करता था लोग उसे बहुत ही उसके काम से खुश रहते थे, जो तीन भाई बहन में दूसरे नंबर पर था। अपने पास मोबाइल भी नहीं रखा करता था, कुछ समझ में नहीं आ रहा है की यह कदम उसने क्यों उठाया है। इसकी हमे कोई जानकारी नहीं है। सूचना पर पाथरडीह पुलिस घटना स्थल पहुंच मामले की जानकारी ले यूडी कैश दर्ज कर शव पोस्मार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। इधर इस घटना से मां आरती देवी, पिता,भाई, बहन का रो रो बुरा हाल है।

# रामलाल प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर कोयलांचल में हुए धार्मिक आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/झरिया :** अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ (अंग्रेजी तिथि के अनुसार) पर बुधवार को धनबाद, झरिया कोयलांचल के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना हुई। पूजा-अर्चना के बाद खीर, खिचड़ी, बुंदिया का वितरण किया गया। धनबाद कोर्ट मोड़ स्थित हनुमान मंदिर और राम मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया और विशेष पूजा अर्चना की गई। वहीं, धनबाद हिल कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर से भव्य झांकी निकल गई जो शहर में 3 किलोमीटर तक भ्रमण करते हुए वापस हनुमान



मंदिर पहुंची। झांकी में काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए। झांकी में शामिल हुए कमिटी के लोगों ने कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाया जा रहा है इसे लेकर शहर में झांकी निकाली गई है। झरिया बाटा मोड़ स्थित शिव मंदिर, महाराणा प्रताप दल व्यायामशाला, सत्मोरवा कोइरी बांध हनुमान मंदिर में शाम 6:30 बजे सामूहिक भजन कीर्तन व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आरती के बाद कहीं खीर वितरण तो कहीं खिचड़ी वितरण तो कहीं हलवा वितरण का सार्वजनिक कार्यक्रम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## राम लाल की पहली वर्षगांठ पर मंदिरों में हुई पूजा

**बाघमारा/कतरास (धनबाद) :** अयोध्या में श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा कि पहली वर्षगांठ पर पूरे बाघमारा क्षेत्र के मंदिरों मे बड़ी धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर बाघमारा के चिटाही रामराज मंदिर को भी सजा कर पूजा अर्चना किया गया। इसके अलावा तीलाटांड़ स्थित शिव मंदिर में भी वहां के स्थानीय लोगों ने राम जनम भूमि मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पूरा होने की उपलक्ष्य में मंदिर को फूल माला से सजा कर सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पूजा अर्चना की। इस दौरान भक्तों के बीच खीर हलवा खिचड़ी आदि प्रसाद वितरण किया।

## रामलाल प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में उदय व दिलीप ने बांटे लड्डू

**धनबाद :** अयोध्या में रामलला के भव्य निर्माण में स्थापना की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बुधवार को रणधीर वर्मा चौक,हीरापुर,को-ऑपरेटिव कॉलोनी सरायढेला सिटी सेंटर, बरटांड़ समेत विभिन्न स्थानों मंदिरों में हिन्दू नेता व समाजसेवी उदय प्रताप सिंह एवं युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के संस्थापक दिलीप सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ प्रसाद के रूप में उपस्थित लोगों को जान पहचान वाले को,आने जाने वाले वाहनों में सवार लोगों को लड्डू बांटे एवं राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ की बधाइयां दी और जय श्री राम के नारे लगाए। उदय प्रताप सिंह व दिलीप सिंह ने समस्त देशवासियों को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पहले स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम की पूजा करने से व्यक्ति की संपूर्ण इच्छाएं पूर्ण होती है और उन्हें मानसिक शांति प्राप्त होती है। इस दौरान




रणधीर वर्मा चौक से जुलूस की शक्ल में कई टोलियां निकली जिसमें श्री राम भगवान की गानों के धुन पर महिला पुरुष एवं बच्चे हाथों में जय श्री राम का ध्वज लिए हुए झूमते, नाचते गाते जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए गुजरे। इन सभी को उदय प्रताप सिंह,दिलीप सिंह एवं उसके सहयोगियों ने लड्डू खिलाकर बधाइयां दी एवं सभी के संग तस्वीरें खिंचवाई। पूरा वातावरण जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। उदय प्रताप सिंह दिलीप सिंह के साथ भक्तों की सेवा में शिवम सिंह, अभिषेक विश्वकर्मा, पंकज सिंह, जीरखान सिंह, अमित सिंह, ब्रजेश शर्मा, कुंदन सिंह, मुकेश सोनकर, गौरव आदर्श, सौरभ नागार्जुन, अनुभव पांडे, आलोक सिंह, गौरव सिंह, सानू सिंह, अजय पांडे, अमन, आतिफ समेत अन्य थे।

## सम्पादकीय.....

# प्रतिबंधित क्यों नहीं हो रही जानलेवा 'चाईना डोर'

**विश्व** के सबसे बड़े बाजार के रूप में अपनी पहचान रखने वाले भारत में चीन जैसे पड़ोसी देश के अनगिनत उत्पाद पटे पड़े हैं। शायद ही कोई क्षेत्र ऐसा हो जिससे संबंधित सामग्री चीन निर्मित न कर रहा हो और भारत सहित पूरी दुनिया को उनकी आपूर्ति न कर रहा हो। छोटी से छोटी मामूली चीजों से लेकर बड़ी से बड़ी और भारी से भारी वस्तुएं चीन द्वारा निर्मित कर भारत भेजी जा रही हैं। मिसाल के तौर पर जहाँ चीन निर्मित मोबाईल फोन लैपटॉप व कंप्यूटर आदि भारतीय बाजार में भरे पड़े हैं वहीं चाईना की रंग बिरंगी लाईट्स दीपावली, नववर्ष जैसे अनेक अवसरों पर पूरे देश में अपनी रंगबिरंगी छटायें बिखेरती हैं। सजावट, मशीनरी, कांच, पत्थर, प्लास्टिक, खिलौना, कपड़ा, बर्तन, क्रॉकरी, फर्नीचर, हार्डवेयर, आतिशबाजी, धार्मिक सामग्री, देवी देवताओं भगवानों के चित्र, फोटो फ्रेम, नजर बट्टू, कंठी माला टोपी तस्बीह मुसल्ला मेडिकल व सर्जिकल सामग्री जैसी तमाम क्षेत्रों से सम्बंधित सामग्रियों का निर्माण व इनकी आपूर्ति चीन द्वारा भारत सहित पूरे विश्व में की जाती है। इन्हीं चीन निर्मित सामग्रियों में कुछ सामग्री ऐसी भी हैं जिनका इस्तेमाल करना लोगों की जान से खिलवाड़ करने जैसा है। ऐसी ही मनोरंजन से जुड़ी एक सामग्री है 'चाईना डोर'। 'चाईना डोर' का प्रयोग पतंगबाजी में किया जाता है। और भारत पूरे विश्व में पतंगबाजी के लिये प्रसिद्ध है। वसंत पंचमी जैसे अनेक त्योहारों पर तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और इसके अलावा छुट्टियों के दिनों में तमाम लोग अपने फुर्सत के लम्हे पतंगबाजी कर बिताना चाहते हैं। चीन जहाँ भारत को तरह तरह की रंग बिरंगी छोटी बड़ी पतंगें निर्यात करता है वहीं पतंग उड़ने में प्रयोग किया जाने वाला डोर/मांझा भी चीन से ही आता है। दरअसल पतंगबाजी में प्रयुक्त मांझा जो भारत में भी बनता है उसमें भी कुशाग्रता अथवा धार पैदा करने के लिये उसमें पिसे हुये कांच का पाउडर मिलाया जाता है। और भारत में चाईना डोर के आने की शुरूआत से पहले भी पतंग उड़ाने वाले मांझे में उलझकर अनेक लोग जख़्मी हो जाते थे। परन्तु आखिरकार वह भारतीय मांझा टूट जाया करता था। लेकिन जबसे भारतीय बाजार में चाइनीज मांझों ने अपनी दस्तक दी है तब से तो पतंगबाजी मनोरंजन से अधिक दहशत भरे व जानलेवा मनोरंजन के रूप में जाना जाने लगा है। हालत यह हो गयी है कि शायद ही कोई दिन ऐसा होता हो जिस दिन देश के किसी न किसी कोने से चाईना डोर के चलते होने वाले हादसों की खबरें न आती हों। दरअसल चाईना डोर में प्रयुक्त धागा किसी ऐसी सामग्री का बना हुआ तेज धार वाला धागा है जो किसी व्यक्ति, वाहन पशु पक्षी से उलझने के बावजूद खिंचने पर आसानी से टूटता नहीं। पिछले दिनों हद तो यह हो गयी कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन ही अकेले गुजरात में ही 6 लोग पतंगबाजी में मर गये। आश्चर्य तो यह कि स्वयं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मकर संक्रांति के अवसर पर उसी दिन गुजरात में ही स्थानीय लोगों के साथ पतंग उड़ाने का आनंद लिया। उन्होंने उत्तरायण पर्व (मकर संक्रांति) के अवसर पर शहर के मेमनगर इलाके में शांतिनिकेतन अपार्टमेंट की छत पर पतंग उड़ाई। पूरे देश में उसी दिन चाईना डोर से अनेक लोगों की मौत हो गयी। इसका तीखापन,धार व मजबूती ऐसी है कि आजके दौर में दुपहिया व चारपहिया वाहनों में इस्तेमाल होने वाले फाईबर या प्लास्टिक के बने बम्पर,लेग गॉर्ड अथवा अन्य एसेसरीज को भी यह काट देता है। जाहिर है ऐसे में प्राणियों का बचने का सवाल ही नहीं है। उदाहरणार्थ गत दिनों लुधियाना में एक मोर के गले में यही प्लास्टिक टाइप चाइना डोर फँस गयी जिससे उसकी मौत हो गयी।

## ● किसने क्या कहा



'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान ने लैंगिक भेदभाव को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

महिला सशक्तीकरण के लिए केन्द्र सरकार ने होलिस्टिक एप्रोच के साथ काम किया

जेपी नड्डा
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री



# गंभीर चिंता का विषय : आत्महत्या करते छात्र

विशेष — डॉ. सत्यवान सौरभ

**स्कूली** पढाई के बजाय कोचिंग के भयावह दौर में, छात्रों में आत्महत्या की प्रकृति और प्रवृत्ति का नए सिरे से अध्ययन करने की भी बहुत सख्त जरूरत है, क्योंकि देश की पूरी युवा बौद्धिक संपदा दांव पर लगी हुई है, जिसके दूरगामी गंभीर नतीजे पूरे राष्ट्र के माथे पर गहरा सिकन ला सकते हैं। युवाओं के कंधे पर स्थापित विकासशील प्रगति का पूरा ढांचा ही भरभरा कर गिर सकता है। छात्रों को इसे चुनौती के रूप में लेते हुए पूरी क्षमता के साथ इसका सामना करना चाहिए। परीक्षा जीवन-मृत्यु का प्रश्न नहीं है। परीक्षा परिणामों को जीवन का अंतिम आधार न मानकर अपनी सफलता की राह स्वयं बनानी होती है। बिना श्रम के जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता नहीं मिलती। अभिभावकों को यह समझना है कि उन्हें अपने बच्चों के साथ कैसा घरेलू बर्ताव करना है।

**वैसे** तो इस दौर में पूरी युवा पीढ़ी ही भयावह मानसिक व्याधि से विचलित है, इनमें विशेषतः छात्र विचलन गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। हमारे देश में प्रति 100 में 15 से अधिक छात्र आत्महत्या से प्रभावित हो रहे हैं। वे अवसाद, चिंता और आत्मघात से पीड़ित पाए जा रहे हैं। कठिन प्रतिस्पर्धा और पढ़ाई-लिखाई में अनुशासन आदि को लेकर तनाव बढ़ रहा है, उससे न सिर्फ.शिक्षा व्यवस्था से जुड़े लोगों, बल्कि पूरे समाज की चिंता बढ़ती गई है। पारिवारिक दबाव, शैक्षिक तनाव और पढ़ाई में अव्वल आने की महत्त्वाकांक्षा ने छात्रों के एक बड़े वर्ग को गहरे मानसिक अवसाद में डाल दिया है। अभिभावकों के सपनों की उड़ान न भर पाने वाले, परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले बच्चों को घर पर पिटना पड़ता है। परीक्षा और नतीजों के दबाव में छात्रों की आत्महत्याएँ अब आम घटनाएँ बनती जा रही हैं। छात्र आत्महत्याओं में बेतहाशा वृद्धि के पीछे मानसिक तनाव सबसे आम कारक बन चुका है। तनावग्रस्त छात्रों की आत्महत्याओं का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। जैसे-जैसे परीक्षा के दिन निकट आते हैं, छात्रों का तनाव हद से गुजरने लगता है। पूरी युवा पीढ़ी का परीक्षा के दिनों में ऐसे हालात से दो-चार होना देश और समाज, अभिभावकों और शिक्षाविदों, सभी के लिए अब गंभीर चिंता का विषय हो चला है। शिक्षा क्षेत्र में दशकों से व्याप्त कई बुनियादी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों पर अभी तक पार पाने में कतई कामयाब नहीं हो पा रहा है।

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं को अनिवार्य कर दिए जाने के बाद से भारतीय छात्रों को प्रतिस्पर्धा करने और प्रदर्शन करने के लिए भारी तनाव का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शन के दबाव को संभालने, माता-पिता की अपेक्षाओं को पूरा करने और आकांक्षाओं को प्राप्त करने में असमर्थता मनोवैज्ञानिक संकट और बाद में अवसाद का कारण बन सकती है। आधुनिक शिक्षा प्रणाली में अकादमिक उत्कृष्टता की निरंतर खोज ने अनजाने में छात्रों के बीच तीव्र दबाव और प्रतिस्पर्धा का माहौल पैदा कर दिया है। शैक्षणिक उपलब्धियों पर अत्यधिक ध्यान देने के साथ-साथ सामाजिक अपेक्षाओं और असफलता के डर ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव डाला है। इसने चिंता, अवसाद और तनाव जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों में वृद्धि में योगदान दिया है। बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए कई बार छात्रों पर अच्छा प्रदर्शन करने का लगातार दबाव रहता है। वे अपनी तुलना दूसरों से करते हैं और आक्रामकतापूर्वक पूर्णता के लिए प्रयास करते हैं। यह अंतर्निहित दबाव मानसिक परेशानी के विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है, जिसमें चिंता, विफलता का डर और कम आत्मसम्मान शामिल है। गंभीर मामलों में, मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएँ आत्म-नुकसान का कारण बन सकती हैं और यहाँ तक कि आत्महत्या के प्रयासों के विचार को भी जन्म दे सकती हैं।

प्रतियोगी पाठ्यक्रम के भारी भरकम बोझ से बच्चों का मानसिक विकास अवरुद्ध हो रहा है। इससे बच्चों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। बच्चों के जीवन में तनाव के पौध की बड़ी वजह यह भी है कि लंबे समय तक स्कूल के घंटों के बाद बच्चे घर लौटते ही होमवर्क निपटाने में जुट जाते हैं। इसके बाद ट्यूशन के लिए दौड़ पड़ते हैं। खाना-पीना, सोना, खेलकूद, सब हराम हो जाता है। आराम करने और अन्य पाठ्येतर गतिविधियाँ करने का उन्हें समय ही नहीं मिलता है। ऐसे में छात्रों के लिए कम नींद और अवसाद की स्थिति या गंभीर तनाव का सबब बनी रहती है। वर्तमान प्रतियोगी दौर में छात्रों की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। परीक्षा केंद्रित शिक्षा से भारत में छात्रों की आत्महत्याओं में अंक, अध्ययन और प्रदर्शन के दबाव के साथ अकादमिक उत्कृष्टता की तुलना करना इस अवसाद के पीछे महत्त्वपूर्ण कारक हैं। भारत में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी भी छात्र के साथ एक साधारण साक्षात्कार, चाहे वह जेईई, एनईईटी या सीएलएटी हो, यह प्रकट करेगा कि छात्रों के बीच मानसिक संकट का प्रमुख स्रोत उन पर दबाव की असहनीय मात्रा है जो लगभग हर एक द्वारा डाला जाता है। हर शिक्षक, हर रिश्तेदार कठिन अध्ययन और एक अच्छे कॉलेज में प्रवेश पाने के महत्त्व को दोहराते हैं। जबकि छात्र स्कूल से स्नातक होने के बाद क्या करने की आकांक्षा रखता है, या जहाँ उसकी रुचियाँ हैं, उसके बारे में सहज पूछताछ बहुत कम की जाती है। इन सभी परीक्षाओं की अत्यधिक जटिल प्रकृति (सभी नहीं) का अनिवार्य रूप से मतलब है कि उन्हें पास करने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों को प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटरों में दाखिला दिलाने का सपना पूरा करना होगा, इससे छात्र के लिए एक से अधिक तरीकों से समस्या बढ़ जाती है क्योंकि वह कोचिंग पर माता-पिता द्वारा खर्च किए गए पैसे को चुकाने के लिए अब परीक्षा को पास करने का दबाव बढ़ गया है और उसे कोचिंग संस्थान के अतिरिक्त दबावों का भी सामना करना पड़ता है। जब तक देश की परीक्षा संस्कृति से इस कुत्सित व्यवस्था को समाप्त नहीं किया जाता है, तब तक छात्रों में आत्महत्या की दर को रोकने के मामले में कोई प्रत्यक्ष परिवर्तन नहीं देखा जाएगा।

# कब तक अनसुलझा रहेगा नेताजी की मौत का रहस्य?

**नेताजी सुभाष जयंती (23 जनवरी) पर विशेष**

गौरतलब — योगेश कुमार गोयल

**नेताजी** के जीवित रहने को लेकर किए गए विभिन्न दावों में कहा गया कि वे विमान दुर्घटना में नहीं मारे गए थे बल्कि जीवित बच गए थे और उन्होंने अपने जीवन का बाकी हिस्सा गुप्त रूप से बिताया। ऐसे ही दावों में से एक दावा यह भी था कि विमान दुर्घटना में नेताजी को गंभीर रूप से चोटें लगी थी लेकिन वे जीवित बच गए थे और उन्हें एक जापानी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां उनका इलाज किया गया और बाद में उन्हें सोवियत संघ ले जाया गया, जहां उन्हें एक गुप्त शिविर में रखा गया।

**भारतीय** स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है। उनकी मृत्यु के संबंध में कई दशकों से यही दावा किया जाता रहा है कि 18 अगस्त 1945 को सिंगापुर से टोक्यो (जापान) जाते समय ताइवान के पास फामोसा में उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उस हवाई दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। नेताजी ने 16 अगस्त 1945 को टोक्यो से ताइपेई के लिए उड़ान भरी थी और उनका विमान 18 अगस्त की सुबह ताइपेई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसके बाद जापान सरकार द्वारा घोषणा की गई थी कि उस दुर्घटना में विमान में सवार सभी 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी शामिल थे। 18 अगस्त 1945 को ताइवान के ताइपेई में विमान दुर्घटना में उनकी मौत की जापान सरकार द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा को भारत सरकार ने भी स्वीकार कर लिया था लेकिन आज भी कई लोग इसे मानने को तैयार नहीं हैं। दरअसल, उनके जीवित होने और गुमनामी में जीवन जीने के दावे किए जाते रहे और इस विषय पर कई बार जांच भी हुई। हालांकि नेताजी के जीवित होने का दावा करने वाले लोगों ने कई बार अपने दावों का समर्थन करने के लिए सबूत पेश किए लेकिन उन सबूतों को प्रायः संदिग्ध माना गया और कहा जाता रहा है कि उनके जीवित होने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं हैं।

दरअसल, नेताजी का शव कभी नहीं मिला और कुछ अन्य कारणों से भी उनकी मौत के दावों पर आज तक विवाद बरकरार है। उनकी मृत्यु का रहस्य जानने के लिए विभिन्न सरकारों द्वारा पूर्व में कुछ आयोगों का गठन भी किया जा चुका है और कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नेताजी के लापता होने के रहस्य से जुड़े खुफिया दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच भी गठित की गई किन्तु अभी तक रहस्य से पर्दा नहीं उठा है। फैजाबाद के गुमनामी बाबा से लेकर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले तक में नेताजी के होने संबंधी कई दावे भी पिछले दशकों में पेश हुए किन्तु सभी की प्रामाणिकता संदिग्ध रही और नेताजी की मौत का रहस्य यथावत बरकरार है। हालांकि जापान सरकार बहुत पहले ही इस बात की पुष्टि कर चुकी है कि 18 अगस्त 1945 को ताइवान में कोई विमान हादसा हुआ ही नहीं और भारत सरकार द्वारा कुछ समय पूर्व सार्वजनिक की गई नेताजी से संबंधित कुछ गोपनीय फाइलों में मिले एक नोट से तो यह सनसनीखेज खुलासा भी हुआ कि 18 अगस्त 1945 को हुई कथित विमान दुर्घटना के बाद भी नेताजी ने तीन बार 26 दिसम्बर 1945, 1 जनवरी 1946 तथा फरवरी 1946 में रेडियो द्वारा राष्ट्र को सम्बोधित किया था।

## आज का इतिहास

- 1565 में हुए टेलीकोटा के युद्ध में हिन्दू साम्राज्य विजयनगर का पतन हुआ।
- स्कॉटलैंड के रीजेट मोरे के अर्ल की 1570 में हत्या हुई।
- हॉलैंड और इंग्लैंड ने 1668 में आपसी सहयोग समझौता किया।
- 1760 में हुए वांदीवाश के युद्ध में अंग्रेजों ने फ्रांसीसियों को हराया।
- ह्यूमन सोसायटी ऑफ फिलाडेल्फिया का गठन 1793 में हुआ।
- 1793 में दूसरी बार पोलैंड का विभाजन हुआ था।
- नेपल्स इटली पर फ्रांसीसी सैनिकों ने 1799 में कब्जा किया।
- प्रशिया ने आस्ट्रिया के बिना 1849 में 'जर्मन यूनियन' का प्रस्ताव किया।
- 1849 में मेडिकल डिग्री हासिल करने वाली पहली अमेरिकी महिला एलिजाबेथ ब्लैकवेल बनीं।
- 1913 में हुए सैनिक क्रांति में तुर्की की नाजिम पाशा मारे गये।
- भारत में 1920 में एयरमेल एवं वायु परिवहन सेवाओं की शुरुआत हुई।
- सोवियत संघ ने 21 जनवरी को हुई लेनिन की मृत्यु की आधिकारिक घोषणा 1924 में की।
- क्लाइड टॉमबॉग ने 1930 में सबसे पहली बार प्लूटो ग्रह की फोटो ली।
- अल सल्वाडोर में सेना ने 1932 में प्रदर्शन कर रहे चार हजार किसानों की हत्या की।
- प्रतिरोपण प्रक्रिया के तहत अमरीका के मिसीसिपी नगर में 1964 में पहली बार किसी पशु के अंग को मनुष्य के शरीर में लगाया गया। लेकिन थोड़ी देर बाद वह व्यक्ति मर गया।
- दुर्गापुर अलॉय इस्पात संयंत्र की स्थापना 1965 में हुई।
- इंदिरा गांधी 1966 में भारत की प्रधानमंत्री बनीं।
- भगवान गौतम बुद्ध के नगर कपिलवस्तु को 1976 में खुदाई में खोजा गया।
- जनता पार्टी का गठन 1977 में हुआ।
- संयुक्तराष्ट्र अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने 1973 में वियतनाम शांति समझौते की घोषणा की।
- गैसोलिन की बिक्री पर 1991 में इराक के तेल मंत्रालय ने रोक लगायी।

## अंकजाल - 7798

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 17 | 17 | 22 | 35 | | 11 | 22 | 20 | |
| 29 | | 7 | | 9 | | 3 | | 4 | 12 |
| 23 | 9 | | 7 | | | | 7 | | 20 |
| 23 | | 8 | | 7 | | | | 6 | 8 |
| | | | 2 | | 7 | | 8 | | 29 |
| 31 | | 7 | | 6 | | 5 | | | |
| 7 | 2 | | | | 4 | | 8 | | 30 |
| 19 | | 8 | | | | 8 | | 3 | 24 |
| 18 | 5 | | 7 | | 3 | | 7 | | 13 |
| | 18 | 26 | 13 | | 27 | 24 | 22 | 12 | |

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

**अंकजाल 7797 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 15 | 14 | 26 | 16 | 22 | | 30 | 21 | |
| 27 | 8 | 9 | 2 | 3 | 5 | | 9 | 2 | 11 |
| 32 | 7 | 5 | 8 | 7 | 5 | | 8 | 2 | 10 |
| | | | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | 34 |
| 14 | 2 | 5 | 7 | | 5 | 7 | 8 | 5 | 25 |
| 22 | 6 | 7 | 3 | 6 | | 5 | 2 | 5 | 12 |
| 36 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 8 | | | |
| 13 | 5 | 8 | | 4 | 6 | 8 | 7 | 3 | 28 |
| 11 | 5 | 6 | | 3 | 2 | 7 | 8 | 5 | 25 |
| | 24 | 29 | | 20 | 16 | 44 | 15 | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## जैसा सोचेंगे, वैसा ही फल मिलेगा

**यदि** आपका मन प्रसन्न नहीं है तो इसका जिम्मेदार कोई और नहीं है बल्कि आप स्वंय हैं। इसी प्रकार अगर आप सुखी है तो यह भी आपको अपने ही कारण प्राप्त हुआ है। ईश्वर का आपके सुख-दुः ख से कोई संबध नहीं है। ईश्वर तो मात्र कर्म का फल प्रदान करने वाला है। यूं समझ लीजिए कि ईश्वर कमल का पुष्प है। कमल पुष्प जैसे कीचड़ में रहकर भी कीचड़ के गुण दोष से प्रभावित नहीं होता, उसी प्रकार ईश्वर सब में और सब के बीच में रहकर भी किस से न तो मित्रता करता है और न शत्रुता। आप जैसा करेंगे और जैसा चाहेंगे वैसे ही आपके आस-पास का वातावरण तैयार कर देगा। हस्तरेखा विज्ञान भी भविष्य को जानने का एक माध्यम है। लेकिन अगर आप अपने हाथों को गौर से देखें तो पाएंगे कि समय-समय पर हाथों की रेखाओं में परिवर्तन हो रहा है। यह परिवर्तन आपके कर्म और व्यवहार के अनुरूप होता है। इसलिए अगर आप सोचते हैं कि एक बार जो किस्मत में लिखकर आ गया है ऐसा होना तय है तो मन से इस धारणा को निकाल दीजिए। अगर ऐसा होता है तो ज्योतिषशास्त्र से सिर्फ भविष्य देखा जा सकता था। लेकिन ज्योतिषशास्त्रों में भविष्य देखने के साथ ही साथ उपाय भी बताये जाते हैं ताकि घटना में बदलाव किया जा सके।

## सुविचार

विद्वता अच्छे दिनों में आभूषण, विपत्ति में सहायक और बुढ़ापे में संचित धन है।
**हितोपदेश**

कविता गाकर रिझाने के लिए नहीं, समझ कर खो जाने के लिए है।
**रामधारी सिंह दिनकर**

## राशिफल

**मेष** — किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।

**तुला** — प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृष** — अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**वृश्चिक** — स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**मिथुन** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**धनु** — शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**कर्क** — स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**मकर** — लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**सिंह** — लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कुंभ** — माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

**कन्या** — स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**मीन** — प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

# आत्मनिर्भरता को मजबूत करते हुए चीन के साथ भारत के सम्बन्ध

**प्रियंका सौरभ**

**भारत** गैर-प्रतिस्थापनीय आयातों के लिए चुनिंदा व्यापार सम्बंधों को बनाए रखते हुए महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा दे सकता है। उदाहरण के लिए, सेमीकंडक्टर के लिए पीएलआई योजना माइक्रोन टेक्नोलॉजी जैसी वैश्विक कंपनियों को आकर्षित कर रही है, जबकि भारत घरेलू क्षमता बढ़ने तक चीन से उन्नत सिलिकॉन वेफर्स का आयात जारी रखता है। इसी तरह, टैरिफ वृद्धि और स्थानीय विनिर्माण द्वारा समर्थित भारत के खिलौना उद्योग ने चीन से आयात कम कर दिया। हरित ऊर्जा में सहयोग, विविध भागीदारः भारत साझा चिंताओं को दूर करने के लिए ब्रिक्स जैसे बहुपक्षीय जलवायु मंचों पर चीन के साथ जुड़ सकता है, जबकि विविध देशों से नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त कर सकता है। भारत ने इंडो-जर्मन ग्रीन हाइड्रोजन टास्क फोर्स के माध्यम से हरित हाइड्रोजन विकास में जर्मनी के साथ भागीदारी की, जबकि जापान के साथ सौर बैटरी प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर भी बातचीत की। इस बीच, भारत घरेलू नवीकरणीय उद्योगों में क्षमता निर्माण के लिए पवन टर्बाइनों में चीन की विशेषज्ञता का लाभ उठा सकता है।

महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिए स्वदेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए ईवी विनिर्माण जैसे गैर-संवेदनशील क्षेत्रों में चीनी फर्मों के साथ साझेदारी को प्रोत्साहित करें। उदाहरण के लिए, चीन की इलेक्ट्रिक वाहन प्रमुख कंपनी बीवाईडी भारत में विनिर्माण कार्य शुरू करने के लिए उत्सुक है, जैसे ही 'सभी कारक' 'आगे बढ़ने' का संकेत देते हैं और योजना निरंतर मूल्यांकन के अधीन है। भारत कूटनीतिक जुड़ाव जारी रखते हुए चीन की मुखर उपस्थिति का मुकाबला करने के लिए सीमा पर बुनियादी ढाँचा विकसित कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत के (सीमा सड़क संगठन) ने लद्दाख तक पहुँच को बेहतर बनाने के लिए अटल सुरंग को पूरा किया, जबकि दिसम्बर 2024 में भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों की 23वीं बैठक के माध्यम से कूटनीतिक प्रयासों ने कुछ क्षेत्रों में तनाव कम किया। भारत साझा विकास लक्ष्यों के लिए एआईआईबी और एससीओ जैसे प्लेटफॉर्म का लाभ उठा सकता है जबकि क्वाड जैसी साझेदारी के माध्यम से चीन के प्रभाव को संतुलित कर सकता है। उदाहरण के लिए, एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी ढांचे में भारत की सक्रिय भागीदारी आतंकवाद-रोधी सहयोग सुनिश्चित करती है, जबकि साथ ही सेमीकंडक्टर और दुर्लभ पृथ्वी के स्रोत में विविधता लाने के लिए क्वाड की आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन पहल का उपयोग करती है। प्रौद्योगिकी सहयोग, स्वदेशी नवाचारः भारत कृषि के लिए एआई जैसे कम संवेदनशील क्षेत्रों में चीन के साथ सहयोग कर सकता है, जबकि महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत भारतनेट और चंद्रयान मिशन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से 5जी और उपग्रह तकनीक में घरेलू प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, सटीक खेती एआई में चीन की विशेषज्ञता का लाभ उठा सकता है। भारत चीन के साथ आर्थिक जुड़ाव बनाए रखते हुए आसियान, दक्षिण कोरिया और अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार साझेदारी को गहरा करके चीनी आयात पर अपनी निर्भरता कम कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी ने वियतनाम के साथ मजबूत व्यापार सम्बंधों को बढ़ावा दिया, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और रसायनों में, जिससे चीनी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भरता कम हुई।

# बालिकाओं को बनाना होगा आत्मनिर्भर

गौरतलब — रमेश सर्राफ धमोरा



**आज** लड़किया लड़को से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा।

**भारत** में हर साल 24 जनवरी को लड़कियों को सशक्त बनाने और समाज में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के महत्व को उजागर करने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उदेश्य है।

हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं। भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है।

समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है।

देखा जाय तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो कभी भी बेटिया किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### बच्चों के बीच पोशाक का किया गया वितरण

**मेदिनीनगर** : पांकी प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरना में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह उपाध्यक्ष संध्या देवी एवं विद्यालय के प्रभारी मोहम्मद सोहेल अहमद के द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा वन क्लास और दो क्लास के बच्चों के बीच में पोशाक, स्वेटर, जूता आदि का वितरण किया गया। इस क्रम में विद्यालय के प्रभारी शिक्षक मोहम्मद सोहेल अहमद ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया है।

### पुल निर्माण साइट पर दिनदहाड़े चली गोली, इंजीनियर घायल

**लातेहार** : जिले के मनिका थाना क्षेत्र में स्थित दोमुहान नदी के पास फोरलेन सड़क के पुल निर्माण स्थल पर बुधवार को अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े गोलीबारी की। इस हमले में साइट इंजीनियर दीपांकर के पैर को छुते हुए गोली निकल गयी। घटना की सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार के निर्देश पर एसआई सत्येंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और घायल इंजीनियर को अन्य कर्मचारियों की मदद से मनिका अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटनास्थल पर मौजूद मजदूरों ने बताया कि तीन अज्ञात अपराधी मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और निर्माण स्थल पर फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी में अन्य किसी को चोट नहीं आई है, लेकिन घटना ने वहां काम कर रहे मजदूरों और कर्मचारियों में दहशत फैला दी है।

### मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना से किसानों की जगी उम्मीद

**लातेहार** : किसानों को उन्नत कृषि उपकरणों से सशक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना शुरू की गयी है। इस योजना के तहत किसानों को 34-40 एचपी के बड़े ट्रैक्टर 50प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ किसानों को दो सहायक कृषि यंत्र लेना अनिवार्य होगा, जिन पर 80 प्रतिशत अनुदान का लाभ मिलेगा। वित्तीय वर्ष जिले के लिए 90 बड़े ट्रैक्टर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### सोनपुरा स्टेट अरसली गढ़ के नरेंद्रनाथ शाही का निधन

**भवनाथपुर** : सोनपुरा स्टेट अरसली गढ़ के नरेंद्रनाथ शाही (दाद भाई) 92 वर्ष का निधन बुधवार के सुबह रांची निवास स्थान पर हो गया। उनका शव भवनाथपुर के अरसली उतरी स्थित पैतृक आवास लाया जाएगा। दाह संस्कार अरसली स्थित श्मशान घाट में किया जाएगा। दाद भाई तीन भाईयों मे सबसे छोटे थे। स्व. दाद भाई के पांच पुत्र है, जो रांची में ही रहकर राजनीति में सक्रिय है। दाद भाई को सोनपुरा स्टेट अरसली गढ़ के अंतिम राजा थे। कहा जाता है, कि दाद भाई किसी भी गांव का कोई भी विवाद का फैसला बड़ी आसानी से कर देते थे।

### राजस्व कर्मचारी के घर पर एसीबी की छापेमारी, कोई सुराग नहीं

**गुमला** : घाघरा प्रखंड मुख्यालय के पाकरटोली स्थित राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के किराए के मकान पर बुधवार को एसीबी की टीम ने धावा बोला। एसीबी की 15 सदस्यीय टीम बुधवार को अहले सुबह साढ़े छह बजे ही राजेश कुमार के आवास में आ धमकी थी और साढ़े पांच घंटे तक उनकी कारवाई चली। मकान की चाभी का पता कर चाभी मांगा और सभी घर के एक एक कमरे की तलाशी ली। हालांकि इस दरम्यान कोई भी आपत्ति जनक सामान उन्हें नही मिला। लेकिन एक कमरा का दरवाजा बंद होने के कारण उक्त कमरे की चाभी राजेश के पास होने के कारण एसीबी कर्मी रांची से चाभी लेकर आये। लेकिन आनन फानन में सिर्फ गोदरेज की ही चाभी लाया गया। जिससे कमरे का ताला तोड़ कर तलाशी ली गयी। उक्त कमरे से भी कोई सामान बरामद नही हुवा। यहां बता दें कि एसीबी के जानकारी में ये बात थी कि पाकरटोली वाला आवास राजेश कुमार का है।

---

## भवनाथपुर प्रखंड में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन

# मेले का उद्देश्य बीमारियों के प्रति जागरूक करना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : भवनाथपुर प्रखंड में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन बुधवार को किया गया। इस मेले का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद जी राम, प्रमुख शोभा देवी, मुखिया बेबी देवी, और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना और उन्हें विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करना था। स्वास्थ्य मेले में कई प्रकार की सेवाओं की व्यवस्था की गई थी। इसमें सामान्य चिकित्सा, परिवार नियोजन, टीकाकरण, सिकल सेल जांच, आरटीआई/



एसटीआई जांच, मलेरिया, टीवी, लेप्रोसी और अंधापन नियंत्रण संबंधी जांच शामिल थीं। इसके अलावा, ओरल कैंसर स्क्रीनिंग, अस्थमा जांच, दंत चिकित्सा, त्वचा रोग जांच, ब्लड टेस्ट और आयुर्वेद पद्धति से जांच की सेवाएं भी उपलब्ध थीं। मेले में योग अभ्यास और आयुर्वेदिक चिकित्सा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ गोल्डन कार्ड और आभा कार्ड बनाने की सुविधा भी प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ. रंजन कुमार दास, डॉ. नितीश भारती, डॉ. अभिनीत विश्वास, डॉ. पंकज पाठक, और डॉ. इंद्र किशोर विश्वकर्मा जैसे अनुभवी डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। साथ ही, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, सीएचओ, बीटीटी, और सहिया सहित स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारी भी मौजूद थे। इन सभी ने ग्रामीणों की जांच करने, उन्हें सही परामर्श देने और जरूरतमंदों को आवश्यक दवाएं प्रदान करने में योगदान दिया। मेले में ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों के लक्षण, उनकी रोकथाम और उनके इलाज के बारे में जानकारी दी गई। सिकल सेल और मलेरिया जैसी बीमारियों की समय पर जांच और उपचार के महत्व को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। परिवार नियोजन और स्वच्छता पर भी जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। ग्रामीणों ने इस मेले को बेहद उपयोगी बताया और कहा कि इस तरह के आयोजन उन्हें उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और सही उपचार तक पहुंचाने में मदद करते हैं। उन्होंने बताया कि मेले में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा दी गई स्वास्थ्य सेवाएं, जो आमतौर पर उनके लिए आसानी से उपलब्ध नहीं होतीं, ने उन्हें काफी राहत पहुंचाई। स्वास्थ्य मेले के समापन पर अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों को और व्यापक बनाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि स्वास्थ्य सुविधाएं अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकें। इस आयोजन ने ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनिका में लगा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला



**मनिका/लातेहार** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वस्थ मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. क्षितिज कुजूर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस स्वास्थ्य मेले में कुल बारह स्टॉल लगाए गए थे जिसमें ओ पीडी स्टॉल में डॉ. अभिनंदन कुशाग्र गुप्ता कुष्ठ उन्मूलन स्टॉल में डॉ. राज चंद्रा तथा डॉ. सुनील कुमार, मलेरिया /फैलेरिया स्टॉल में यौन रोग एवं फैमिली प्लानिंग स्टॉल में हेमंती देवी तथा प्रमिला बेक, आयुष्मान कार्ड स्टॉल में मिट्ठू कुमार तथा अनिल रवि जबकि ओ पी डी रजिस्ट्रेशन में राणा अनिल तथा आनंद कुमार लकड़ा कार्य कर रहे थे।

---

## जिले के मनिका, बारियातु, गारु प्रखंड में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के मनिका, बारीयातु, गारू प्रखंड में एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। स्वास्थ्य मेले में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं से लाभान्वित किया गया तथा निःशुल्क जांच केंद्र के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य जांच भी कराए गए। स्वास्थ्य जांच के अनुसार ग्रामीणों के बीच दवाइयों का भी वितरण किया गया। स्वास्थ्य मेला में सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड, परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिंद की जांच, आंख, कान एवं गले से संबंधित बीमारियों की जांच, दंत चिकित्सा जांच, त्वचा की जांच, एनसीडी जांच, खून जांच, एनीमिया जांच, मलेरिया, फाइलेरिया की जांच, शुगर के रोगियों की जांच, पोषण के लिए परामर्श, एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, कुष्ठ नियंत्रण, टी.बी. नियंत्रण, धूम्रपान और तंबाकू के सेवन के बुरे प्रभाव की जानकारी, कैंसर नियंत्रण जागरूकता समेत अन्य संबंधित बीमारियों के इलाज संबंधी सेवाएं प्रदान की गयी।



---

## जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन

# कई आवेदन का तत्काल समाधान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : शहर थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन आईजी सुनील भास्कर ने किया, कार्यक्रम में एसपी रीष्मा रमेशन, एएसपी ऑपरेशन राकेश सिंह, एएसपी दिव्यांश शुक्ला, एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, सदर अंचलाधिकारी अमरदीप बलहोत्रा समेत सदर पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे। इसमें सदर, शहर, चैनपुर, पाटन, पड़वा, सतबरवा एवं नावा जयपुर थाना क्षेत्र के लोगों की शिकायत व परेशानियों का समाधान किया गया। पलामू आईजी सुनील भास्कर ने कहा कि पुलिस मुख्यालय के आदेश के आलोक में यह जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा था। इसका सीधा लाभ लोगों को मिलेगा। कई मामलों में लोग जागरूकता के अभाव में उलझे रहते हैं। शिविर में शामिल होने से उनका कार्य आसान हो जाता है। वहीं मौके पर एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि ज्यादातर जमीन से जुड़े मामले जन शिकायत समाधान शिविर में आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सदर अनुमंडल स्तरीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कई आवेदन प्राप्त हुए जिसमें कई आवेदन का तत्कालन समाधान किया गया। बाकी शेष मामलों का निष्पादन जल्द ही किया जाएगा। मौके पर प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांशु शुक्ला, एएसपी राकेश कुमार, सदर सीओ अमरदीप बल्होत्रा, सदर डीएसपी मनी भूषण प्रसाद, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, जैनेंद्र पांडे, राजेश कुमार, टिओपी 1 प्रभारी रुद्रानंद सरस, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद सहित अन्य थाना के थाना प्रभारी व पदाधिकारी मौजूद थे।



---

## बनवारी साहू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया 'माय भारत आउटरीच' कार्यक्रम का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में बुधवार को माय भारत आउटरीच कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय की छात्राओं को माय भारत पोर्टल के महत्व और उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में दर्शनशास्त्र विभाग की व्याख्याता, प्रोफेसर सीमा ने माय भारत पोर्टल के उद्देश्यों और इसके लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल छात्रों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और रोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रोफेसर सीमा ने छात्राओं को पोर्टल पर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने और अपने करियर के लिए इसे एक प्रभावी मंच के रूप में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम पदाधिकारी, नवल किशोर प्रसाद ने छात्राओं को माय भारत पोर्टल पर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरलता से समझाते हुए छात्राओं को इसके माध्यम से रोजगार और कौशल विकास की संभावनाओं से अवगत कराया।



---

## भाजपा ने 'संविधान गौरव दिवस' बड़े धूमधाम से मनाया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : भाजपा प्रदेश संगठन के निदेर्शानुसार आज भाजपा जिला गुमला के तत्वावधान में पर्यटन भवन के परिसर में संविधान निमार्ता बाबा साहेब अंबेडकर जी की याद में संविधान गौरव दिवस मनायी गयी। जिला के सभी पदाधिकारियों कार्यसमिति के सदस्य सभी जिला मोर्चा के अध्यक्ष, पदाधिकारियों कार्यसमिति के सदस्य सहित सभी मण्डल के अध्यक्षों ने इस समारोह में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, मुख्य अतिथि माननीय पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी ने अपने संबोधन में संविधान की रक्षा की दुहाई देने वाली कांग्रेस पर अपने शासन काल में वोट बैंक की खातिर संविधान के प्रियमबल में छेड़छाड़ करने का गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि पहला, कांग्रेस ने आपातकाल में विपक्ष को जेल भेज कर बिना बहस के संसद में संविधान के प्रियमबल में धर्मनिरपेक्ष एवं समाजवाद शब्द को जोड़ कर संविधान की आत्मा को तार तार करने का काम किया, साथ ही अपने फायदे के लिए संसद के तत्कालीन कार्यकाल को एक साल बढ़ा कर छह साल किया।

(2) अपने शासनकाल में कॉग्रेस ने वोट बैंक के लिए 75 बार संविधान में संशोधन किया, साथ ही अनुच्छेद धारा 356 का दरुपयोग कर 88 बार लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई राज्य सरकारों को बर्खास्त किया।

(3) जबतक बाबा साहब अम्बेडकर जीवित रहे कांग्रेस हमेशा उसे अपमानित करने का काम किया, प्रथम आमचुनाव में उनके विरुद्ध प्रत्यासी उतार कर कांग्रेस ने उसे वेस्ट मुंबई में हराने के कार्य किया, जबतक कांग्रेस सत्ता में रही उन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर जी को कभी सम्मान नहीं दिया।

---

## विकास भारती बिशनपुर का 42वां स्थापना दिवस के मौके पर खेलकूद का आयोजन

**गुमला** : बिशनपुर के हेसराग गांव में विकास भारती बिशनपुर के 42वां स्थापना दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें जतरा टाना भगत विद्या मंदिर बिशुनपुर, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसराग, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चिपरी के बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पअर्पन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय जी क्षेत्र जनजाति कार्य प्रमुख एवं संतोष झा जिला संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा हुआ कार्यक्रम के मुख्य आयोजक ग्राम समिति हेसराग के पंकज उरांव वार्ड सदस्य, जतरा टाना भगत विद्या मंदिर बिशनपुर के प्राचार्य राकेश कुमार एवं हेसराग गांव के प्रतिष्ठित जन रवि उरांव सिकंदर उरांव जगतपाल उरांव पंचम उराव सुदामा उरांव चमरा उरांव कालेश्वर उरांव सोमरा उरांव अमरेश उरांव उमेश उरांव निर्मल उरांव संदीप उरांव करमचंद उरांव मनीष उरांव निर्मला कुमारी जलेश्वर साहू बलदेव भगत थे।

---

## भ्रामक रूप से लाये गये मजदूर सकुशल लौटे घर, जिला प्रशासन ने निभायी अहम भूमिका



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उत्तर प्रदेश के एक ठेकेदार द्वारा भ्रामक तरीके से कुछ मजदूरों को एक सप्ताह पूर्व लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड के ग्राम चीरो स्थित ईंट भट्ठे में काम करने के लिए लाया गया था। मजदूरों की इस समस्या की जानकारी उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को मिली, जिन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अंचल अधिकारी, चंदवा को मजदूरों को सुरक्षित उनके घर वापस भेजने की जिम्मेदारी सौंपी। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के तहत सभी मजदूरों को बनारस की ट्रेन से सुरक्षित उनके घर भेज दिया गया।

**सकुशल घर लौटे मजदूरों की सूची**

1. सोनू सिंह, ग्राम-मोकरापुर, उत्तर प्रदेश
2. नवरतन, ग्राम-मोकरापुर, उत्तर प्रदेश
3. प्रेम सिंह, ग्राम-बाबइसराई, उत्तर प्रदेश
4. सोनू, ग्राम-कोरुमा, उत्तर प्रदेश
5. रिसीपाल, ग्राम-उत्तर प्रदेश
6. धर्मवीर सिंह, ग्राम-मोकरापुर, उत्तर प्रदेश
7. मंटू, ग्राम-मोकरापुर, उत्तर प्रदेश
8. मनोज, ग्राम-कालिजपुर, उत्तर प्रदेश
9. विकास, ग्राम-बेरुआ, उत्तर प्रदेश
10. कविता, ग्राम-कालिजपुर, उत्तर प्रदेश
11. चांदनी, ग्राम-मोकरापुर, उत्तर प्रदेश
12. धुरीनाथ, ग्राम-मोकरापुर, उत्तर प्रदेश
13. अतरगुली, ग्राम-मोकरापुर, उत्तर प्रदेश
14. जगरोशनी, ग्राम-मोकरापुर, उत्तर प्रदेश
15. सविता, ग्राम-बेरुआ, उत्तर प्रदेश
16. सरस्वती, ग्राम-बेरुआ, उत्तर प्रदेश
17. सोमती, ग्राम-मोकरापुर, उत्तर प्रदेश

---

## सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य मांगों को लेकर बरवाडीह व्यवसायियों ने अपने प्रतिष्ठानों को रखा बंद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरवाडीह/लातेहार** : अपनी प्रमुख मांगों को लेकर बुधवार को बरवाडीह व्यवसायिक समिति द्वारा बुलाया गया बाजार बंद पूरी तरह सफल रहा। व्यवसायियों ने अपनी-अपनी प्रतिष्ठानों को स्वतः ही बंद रखा। आवश्यक सेवाओं जैसे मेडिकल स्टोर, सब्जी, फल और दूध की दुकानों को इस बंद से बाहर रखा गया था। व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने सभी व्यवसायियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने स्वतः व शांतिपूर्ण ढंग से अपनी प्रतिष्ठानों को बंद रखकर आपसी एकता की मिसाल पेश की है। यह बंद का निर्णय व्यवसायिक हित के लिए ही लिया गया था। परिस्थितियां व समस्याएं किसी के साथ कभी भी हो सकती है। समिति हर समस्याओं में आप सभी के साथ खड़ी रही है और आगे भी रहेगी। इस दौरान व्यवसायिक समिति ने दुकानदारों की प्रमुख मांगों को लेकर बरवाडीह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज व जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर को एक मांग पत्र सौंपने का काम किया।

---

## रेलवे स्टेशन सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण

# स्वामी विवेकानंद पार्क में उत्साह व सीख का संगम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन के बाजकूम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के कक्षा अरुण, उदय, प्रभात और प्रथम के विद्यार्थियों को एक शैक्षणिक भ्रमण प्रधानाचार्य राजबल्लभ शर्मा के नेतृत्व और पूजा, खुशी एवं ज्योति दीदी की निगरानी में आयोजित किया गया। पार्क में भगवान बिरसा मुंडा और संविधान शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अवलोकन करते हुए बच्चों को इन महापुरुषों की जीवनी के बारे में बताया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजबल्लभ शर्मा ने कहा, कि शिक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू पर्यटन भी है। प्राचीन शिक्षण पद्धति में विजुअल लर्निंग का खास महत्व था, और आधुनिक शिक्षण प्रणाली में प्रकृति से जुड़ाव विद्यार्थियों के कौतूहल को बढ़ाता है। आगे बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण, पारिस्थितिक तंत्र, और धार्मिक व सांस्कृतिक केंद्रों के महत्व से परिचित कराना था। इस दौरान बच्चों को जंगल और नदियों के बीच प्रकृति के महत्व को समझाया गया और पर्यावरण का जीवन पर प्रभाव बताया गया। बच्चों ने इस शैक्षणिक यात्रा के दौरान झूले, अंताक्षरी, प्रश्नोत्तरी और पारंपरिक खेलों का आनंद लिया। इसके माध्यम से उन्होंने न केवल मनोरंजन किया बल्कि अपने ज्ञान मंर भी वृद्धि की। भ्रमण के अंत में बच्चों के लिए पार्क में पिकनिक की व्यवस्था की गयी।



---

## खनन पदाधिकारी के चलते पलामू में बालू की किल्लत : रूचिर तिवारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने ब्यान प्रसारित कर कहां की खनन पदाधिकारियों एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी के उदासीन रवैया के चलते शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ते एवं सुलभ दरों पर अभी तक बालू का उठाव चालू नहीं हुआ। उल्टा बालू के किल्लत में ट्रैक्टर व्यवसायी गरीब ट्रैक्टर चालक मजदूर दिन रात भटक रहे हैं वह अपने ही घरों में बालू के लिए तरस रहे और प्रशासन खाली पड़े हुए ट्रैक्टर को भी जब्त करते हुए दिख रही है वहीं बालू ढोने जा रहा था वही चंद अमीरजादों जो प्रशासन को मोटी रकम खिला रहे हैं उनको बालू उठाने में खुल्ला छुट दिया जा रहा है एवं छोड़ दिया जा रहा है वही डाल्टनगंज के विधायक आलोक चौरसिया के समर्थक विधायक प्रतिनिधि खुल्लम-खुल्ला ट्रैक्टर से बालू की ढुलाई कर रहे हैं और चैनपुर थाना प्रभारी सहित पलामू जिला प्रशासन मुख्य दर्शक बनकर देख रही है यह दोहरा नीति पलामू जिला प्रशासन को निरंकुश बना रहा है। एवं आम जनता भी कानून को दोहरी रूप से देख रही है।



---

## जीएनएम कॉलेज के भवन में विभिन्न ओपीडी शिफ्टिंग व कंडम भवनों को ध्वस्त किये जा रहे कार्यों का किया गया निरीक्षण

# नगर आयुक्त, डीडीसी, सिविल सर्जन ने कार्यों का किया निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा दिये गये निदेर्शों के आलोक में एमएमसीएच के जीएनएम कॉलेज के भवन में विभिन्न ओपीडी शिफ्टिंग व कंडम भवनों को ध्वस्त करने का कार्य किया जा रहा है।इस कार्य की प्रगति एवं मूल्यांकन करने हेतु पलामू उपायुक्त द्वारा टीम गठित किया गया है। इसी टीम द्वारा बुधवार को एमएमसीएच में किये जा रहे शिफ्टिंग एवं डिमोलिश कार्यों का निरीक्षण किया गया।

**जीएनएम कॉलेज के प्रमुख प्रवेश द्वारों पर साइनएज लगाने के निर्देश**

**निरीक्षण** के दौरान नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने एमएमसीएच अधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधक को जीएनएम कॉलेज के प्रमुख द्वारों पर साइनएज लगाने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि साइनएज इस प्रकार से ऐसे स्थानों पर लगायें जिससे किस कमरे में कौनसे विभाग का ओपीडी संचालित हो रहा है यह स्पष्ट रूप से नजर आ जाये। इसके अलावा उन्होंने बिजली पोल की शिफ्टिंग में अंडरग्राउंड वायरिंग कराने की दिशा में कार्य करने की बात कही।





**टीबी कार्यालय एवं वार्ड को अस्थायी रूप से संस्कार भवन में शिफ्ट करने की योजना**

**निरीक्षण** के दौरान टीबी कार्यालय एवं वार्ड को रेड क्रॉस भवन के सामने आयुष विभाग के नवनिर्मित भवन संस्कार भवन से संचालित करने की योजना तैयार की गयी,डीसी की सहमति के बाद इस भवन को शिफ्ट किया जायेगा। इसी तरह हॉस्पिटल रोड के चौड़ीकरण, स्क्रैप आदि का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई ओपीडी जीएनएम कॉलेज के भवन में शिफ्ट हो गया है। इसी तरह कुछ लैब भी जीएनएम भवन से ही कार्य कर रहें हैं। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने शिफ्टिंग के कार्य में तेजी लाने की बात कही। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सिविल सर्जन डॉ अनिल, एमएमसीएच अधीक्षक समेत कई विभागों के डॉक्टर्स उपस्थित रहे।

---

## लातेहार-लोहरदगा सीमा पर पुलिस व उग्रवादियों के बीच मुठभेड़, 01 घायल



**लातेहार** : लातेहार और लोहरदगा जिले की सीमा पर स्थित सेमरखाड़ गांव के जंगल में मंगलवार की रात पुलिस और जेजेएमपी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में जेजेएमपी का एक उग्रवादी घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगने के बाद उसे प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि सेमरखाड़ क्षेत्र में जेजेएमपी उग्रवादियों का जमावड़ा है और वे किसी हिंसक कार्रवाई की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाने के दौरान जैसे ही पुलिस ने इलाके में पहुंचकर तलाशी शुरू किया, उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इस दौरान एक उग्रवादी के पैर में गोली लग गयी।

## एक झलक

### ऑस्ट्रेलिया में सर्फिंग करती दिखीं सारा तेंदुलकर

**सिडनी :** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर आजकल यहां गोल्ड कोस्ट पर समुद्र की लहरों के बीच सर्फिंग का आनंद ले रही हैं। सारा ने सोशल मीडिया में अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे की तस्वीरें साझा की हैं। सार गोल्ड कोस्ट पर सर्फर्स पैराडाइज का आनंद लेने के लिए अपने दोस्तों सहित यहां पहुंची थीं। इस दौरन नीले रंग की ड्रेस पहनी सारा ने खूब सर्फिंग का आनंद लिया। प्रशंसकों ने भी सारा की तस्वीरों को काफी पसंद किया है। इन तस्वीरों के लिए उन्हें जमकर लाइक मिले हैं। सारा की इन तस्वरों को पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने भी पसंद किया है। वहीं गत दिना सारा को क्वींसलैंड के समुद्र में जेट स्की का आनंद लेते हुए भी देखा गया था। इसके अलावा पिछले दिनों वह अपनी मां अंजलि तेंदुलकर के साथ एक इवैंट पर पहुंची थी। यहां वह लाल रंग की ड्रेस में सबसे आकर्षण का केन्द्र रहीं। सारा वी-नेक पर सॉफ्ट मिरर, पर्ल और गोटा वर्क से सजी एक शानदार लाल स्लिम-फिट ट्यूनिक में पहुंचीं।

### चहल ने लिखा सच्चा प्यार दुर्लभ

**मुम्बई :** क्रिकेटर यजुवेन्द्र चहल की निजी जिंदगी में आजकल सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। पत्नी पत्नी धनश्री वर्मा से उनके रिश्ते पहले की तरह नहीं रहे और दोनो के बीच अलगाव की चचाएं हैं। यह संदेह समय के साथ ही बढ़ता जा रहा है क्योंकि दोनों ने ही इसपर अब तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। इसी कड़ी में अब चहल ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ नयी तस्वीरें साझा की हैं। इस पोस्ट के साथ चहल ने जो लिखा उससे संदेह और बढ़ गया। चहल ने लिखा सच्चा प्यार दुर्लभ है। नमस्ते, मेरा नाम दुर्लभ है। युजी की पोस्ट के कुछ ही मिनटों में कई कमेंट्स आ गये। चहल ने एक साझात्कार के दौरान अपनी और धनश्री की लवस्टोरी का खुलासा किया था। चहल ने एक वीडियों में बताया कि कैसे उन्होंने डांस क्लास के दौरान धनश्री के साथ दोस्ती की और उस दोस्ती के साथ कैसे प्यार आगे बढ़ा। चहल ने इस वीडियो के दौरान कहा कि मैं बचपन से ही डांस और भांगड़ा सीखना चाहता था। इसलिए मैंने क्लास को ज्वॉइन किया और इस दौरान हम एक दूसरे को जानने लगे। धीरे धीरे हम एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप में आए और इसके बारे में परिवार को बताया।

### बीसीसीआई के इस दिशा-निर्देश को सही नहीं मानते बटलर

**कोलकाता :** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा है कि वह भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) के उस दिशा-निर्देशों को सही नहीं मानते जिसमें कहा गया है कि विदेशी दौरे पर खिलाड़ियों का परिवार पूरे समय उनके साथ नहीं रह सकता है। इसके पीछे तर्क दिय गया है कि खिलाड़ी इससे पूरे समय खेल पर ध्यान नहीं दे पाते। वहीं बटलर का कहना है कि लंबे विदेश दौरों पर परिवार का साथ बहुत महत्वपूर्ण होता है और इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ता। बटलर के अलावा कई और दिग्गज भी इस नियम को सही नहीं मानते। वहीं कुछ इसे सही मानते हैं। भारत के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी इस नियम को लेकर आंशका जतायी है।

# श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को हरा कर फाइनल की दौड़ में बनाये रखीं उम्मीदें

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने बुधवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में हुए हीरो महिला हॉकी इंडिया लीग (2024-25) के मुकाबले में दिल्ली एसजी पाइपर्स को हराया। कैथरीन मल्लन (21' और 33') ने बंगाल टाइगर्स के लिए दो गोल किए। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच मिडफील्ड पर नियंत्रण की जंग चलती रही। इस दौरान गोल करने का एकमात्र मौका बंगाल टाइगर्स को 13वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला। हालांकि, कप्तान उदिता के प्रयास को एसजी पाइपर्स की रक्षा पंक्ति ने विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर की शुरूआत दिल्ली एसजी पाइपर्स ने अच्छे अंदाज में की और पहला पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। दीपिका के ड्रैग फ्लिक को बंगाल टाइगर्स की गोलकीपर जेनिफर रिजो ने शानदार तरीके से बचा लिया। 21वें मिनट में मल्लन ने बंगाल टाइगर्स को बढ़त दिला दी। आयरलैंड की इस खिलाड़ी ने गेंद को सर्कल के किनारे तक ले जाकर, गोलकीपर बंसरी सोलंकी को पीछे छोड़ते हुए गोल किया। बंगाल टाइगर्स ने शानदार तरीके से मैच का नियंत्रण बनाए रखा, अपने 23 मीटर जोन की मजबूती से रक्षा की और काउंटर अटैक में एसजी पाइपर्स की रक्षापंक्ति को चुनौती दी। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में ही टाइगर्स ने दूसरा गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया। मल्लन ने अपना दूसरा गोल किया, लेकिन इसका श्रेय लालरेमसियामी को जाता है, जिन्होंने दाईं ओर से बेहतरीन सोलो रन करते हुए गेंद को गोललाइन तक पहुंचाया और मल्लन को आसान टप-इन पास दिया। एसजी पाइपर्स ने इसके बाद गोल



करने के लिए हर संभव कोशिश की और तीसरे क्वार्टर में 13 बार सर्कल में प्रवेश किया। हालांकि, बंगाल टाइगर्स की रक्षा पंक्ति ने उन्हें केवल तीन शॉट्स तक सीमित रखा। चौथे क्वार्टर में भी कहानी कुछ वैसी ही रही। एसजी पाइपर्स ने लगातार दबाव बनाया, लेकिन भाग्य उनके साथ नहीं था। बंगाल टाइगर्स ने मजबूत डिफेंस दिखाते हुए अहम जीत दर्ज की। इस जीत के साथ बंगाल टाइगर्स के सात अंक हो गए हैं, जो जेएसडब्ल्यू सूरमा क्लब और ओडिशा वॉरियर्स से तीन अंक कम हैं। बंगाल टाइगर्स को फाइनल में जगह बनाने के लिए अपने आखिरी मैच में सूरमा हॉकी क्लब के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को हराकर फाइनल की दौड़ में उम्मीदें बरकरार रखीं।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग-बॉलर्स में बुमराह टॉप पर बरकरार

## बैटिंग में दो भारतीय टॉप-10 में-पाकिस्तान के नोमान अली और सऊद शकील को फायदा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारतीय स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 908 पॉइंट्स के साथ आईसीसी टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में टॉप पर बरकरार हैं। बैटिंग रैंकिंग में दो भारतीय टॉप-10 में शामिल हैं। वहीं, वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में पाकिस्तान को मिली जीत का फायदा नोमान अली और सऊद शकील को हुआ है। क्बउ ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी की।

**बुमराह ने BGT में 32 विकेट लिये**

**जसप्रीत** बुमराह आईसीसी टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में टॉप पर बरकरार है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 32 विकेट लेने के बाद बुमराह 907 अंक तक पहुंचने वाले पहले भारतीय बॉलर बने थे। अब ताजा टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में उनके पास 908 रेटिंग हैं। उनसे पीछे ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस (841) दूसरे पायदान पर है, जबकि साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा 837 रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद है। वहीं, पाकिस्तान के नोमान अली टॉप-10 में पहुंच गए है। नोमान ने मुल्तान टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 विकेट लिए थे। नोमान अली को 2 स्थानों का फायदा हुआ और वह 9वें पायदान पर पहुंच गए हैं। इस दौरान रवींद्र जडेजा को एक स्थान का नुकसान हुआ और वह 10वें स्थान पर खिसक गए। पाकिस्तान के साजिद खान (621 रेटिंग प्वाइंट्स) के साथ 18 स्थानों की छलांग लगाकर नंबर 23 पर पहुंचे है। साजिद ने मुल्तान टेस्ट में 9 विकेट लिए थे और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे।

**बैटिंग रैंकिंग में पंत को नुकसान**

**बैटिंग** रैंकिंग में पाकिस्तान सऊद शकील 8वें पायदान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 84 रन बनाए थे। इसका उन्हें रैंकिंग में फायदा मिला। स्टीव स्मिथ एक स्थान का नुकसान के साथ अब 9वें स्थान पर खिसक गए हैं। वहीं, पंत को भी एक अंक का घाटा हुआ और वह 9वें से 10वें स्थान पर खिसक गए। पाकिस्तान के बाबर आजम को 4 स्थानों का नुकसान हुआ और वह 16वें पायदान पर है।

**ऑलराउंडर्स में जडेजा पहले स्थान पर कायम**

**आईसीसी** मेंस टेस्ट ऑलराउंडर्स की टॉप-10 स्टैंडिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ। रवींद्र जडेजा (400 रेटिंग प्वाइंट) के साथ नंबर-1 पर मौजूद है। दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका के मार्को यानसन (294 अंक) और बांग्लादेश के मेहदी हसन (263 अंक) के साथ तीसरे स्थान पर है।



**ICC टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग**

| रैंक | प्लेयर | टीम | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | जसप्रीत बुमराह | भारत | 908 |
| 2 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 841 |
| 3 | कागिसो रबाडा | सा.अफ्रीका | 837 |
| 4 | जोश हेजलवुड | ऑस्ट्रेलिया | 835 |
| 5 | मार्को यानसन | सा.अफ्रीका | 785 |
| 6 | मैट हेनरी | न्यूजीलैंड | 782 |
| 7 | नाथन लायन | ऑस्ट्रेलिया | 774 |
| 8 | प्रभाथ जयसूर्या | श्रीलंका | 768 |
| 9 | नोमान अली | पाकिस्तान | 761 |
| 10 | रवींद्र जडेजा | भारत | 745 |

## रोहित और यशस्वी पर रहेंगी नजरें

**मुम्बई :** खराब फार्म से गुजर रहे भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा अब घरेल क्रिकेट टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी में मुम्बई की ओर से खेलते हुए नजर आयेंगे। रोहित लंबे समय बाद रणजी में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद भारतीय बोर्ड ने सभी अनुभवी खिलाड़ियों के लिए भी घरेलू क्रिकेट अनिवार्य कर दिया है। उसी को लेकर मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा है कि रोहित एक बार लय हासिल कर ले तो फिर अपने आप ही बड़े स्कोर बना लेंगे। रहाणे ने कहा कि रोहित जैसे अनुभवी खिलाड़ी को कुछ भी बताने की जरूरत नहीं है। ऐसे में मुंबई की टीम गुरुवार से यहां जब जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगी तो सभी की निगाहें रोहित और युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पर होंगी। रहाणे ने अभ्यास सत्र के दौरान कहा, देखिए, रोहित, रोहित है।

## चोटों से गुजरने के दौरान खिलाड़ी मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं : शमी

**एजेंसी**

**कोलकाता :** अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा है कि टखने की गंभीर चोट से उबरने के बाद जब वह अभ्यास करने उतरे थे तो उन्हें दौड़ते समय डर लगा था। शमी ने कहा कि ऐसी घटनाएं एथलीटों को मानसिक रुप से मजबूत बनने में सहायता करती हैं। शमी को 2023 एकदिवसीय विश्वकप में चोट लग गयी थी। इसके बाद से ही खेल से दूर थे। उन्हें अपने टखने की सर्जरी करानी पड़ी थी। शमी ने ठीक होने के बाद बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट में खेला था। वह विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल की टीम में भी हिस्सा थे। सोशल मीडिया पर एक वीडियो में शमी ने कहा कि उन्होंने टीम में वापसी के लिए पूरे एक साल तक इंतजार किया और कड़ी मेहनत की। उन्होंने कहा कि अगर कोई कड़ी मेहनत करता है तो उसे परिणाम मिलते हैं। साथ ही कहा कि दौड़ते समय भी डर लगता था।




## चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत को जीत दिलाने में रोहित और विराट अहम भूमिका निभायेंगे : मोहम्मद कैफ

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने भारतीय टीम के कप्तान एवं दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली की तारीफ की है। उनका मानना है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत को जीत दिलाने में रोहित शर्मा और विराट कोहली अहम भूमिका निभाएंगे। दोनों सफेद गेंद के बेहतरीन खिलाड़ी हैं। कैफ ने अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित शर्मा और विराट कोहली अहम योगदान देंगे। रोहित 37 साल के हैं और कोहली 36 साल के हैं। दोनों लंबे समय तक नहीं खेलने वाले हैं। जितना भी खेलें, उनके लिए प्रार्थना करें, उनका समर्थन करें। वे दो बेहतरीन सफेद गेंद के खिलाड़ी हैं। मुझे विश्वास है कि वे जितना भी खेलेंगे अच्छा खेलेंगे। अगर वे अच्छा खेलते हैं, तो आप दुबई में मैच जीतेंगे। रोहित तेज बल्लेबाजी करके आपको शुरूआत देते हैं और विराट कोहली उस शुरूआत का इस्तेमाल कर आखिर तक बल्लेबाजी करते हैं और रन बनाते हैं, तो ऐसे दोनों दिग्गज बल्लेबाजों को प्यार दो। चैंपियंस ट्रॉफी में इनका बड़ा रोल होने वाला है।



## 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैराकी प्रतियोगिता के लिए हल्द्वानी में विशेष प्रशिक्षण शुरू



**एजेंसी**

**देहरादून :** उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां जोरों पर हैं। खेल विभाग इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम हल्द्वानी में खिलाड़ियों के लिए तैराकी का विशेष प्रशिक्षण आयोजित कर रहा है। प्रशिक्षण में उत्तराखंड के अलावा अन्य राज्यों से भी खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा और प्रदर्शन के लिए स्विमिंग पूल में विशेष पूल हीटिंग सिस्टम भी लगाया गया है, ताकि ठंड के मौसम में भी खिलाड़ी बिना किसी बाधा के प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। यह कदम खिलाड़ियों को उनकी तकनीक और सहनशक्ति को और बेहतर बनाने में मदद करेगा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि खेलों में तैराकी की प्रतियोगिता आयोजित करना एक चुनौती थी। तैराकी के लिए स्विमिंग पूल समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं की जरूरत थी। विशेष रूप से सर्दी के मौसम में भी पूल के तापमान को 22 डिग्री के आसपास रखना जरूरी था। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर स्विमिंग पूल तैयार किया गया और अब उत्तराखंड तैराकी के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेगा।

## राष्ट्रीय खेलों में उप्र को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

### 31 खेलों में 340 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**एजेंसी**

**लखनऊ :** उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तर प्रदेश ने अब तक की सबसे अच्छी तैयारी की है। 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होने वाले खेलों के लिए उप्र से 31 खेलों के 340 खिलाड़ी हिस्सा लेने जाएंगे। इसमें सबसे ज्यादा एथलेटिक्स के 50 खिलाड़ी होंगे। इसके अलावा खिलाड़ियों के कोच और मैनेजमेंट भी सलाह देने व व्यवस्था के लिए वहां जाएगा। खास बात यह है कि एथेलेटिक्स में जाने वाले खिलाड़ियों में पुरुष की अपेक्षा महिला खिलाड़ी ज्यादा है। 23 पुरुष खिलाड़ी तो 27 महिला खिलाड़ी अपना जौहर दिखायेंगे। इसके अलावा तैराकी, तीरंदाजी, बैडमिंटन, बास्केटबाल, बाक्सिंग, कयाकिंग, कयाकिंग केनोइंग, साइकिलिंग, तलवारबाजी, जिम्नास्टिक, हैंडबाल, बीच हैंडबाल, हाकी, जूडो,कबड्डी, बीच कबड्डी,



मलखंभ, रोइंग, शूटिंग, स्क्वाश, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, टेनिस, ट्रायथलान, बीच वालीबाल, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, वुशू, योगासन, कलारीपयट्टी, मार्डर्न पेंटाथलान खेल में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इन खेलों में 195 पुरुष और 145 महिला खिलाड़ी हैं। वहीं इन खिलाड़ियों के साथ 94 आफिशियल लोग भी रहेंगे। इस संबंध में उप्र ओलंपिक संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय ने बताया कि इस बार ज्यादा संख्या में गोल्ड आने की उम्मीद है। हमारे खिलाड़ी हर खेल में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## केन्द्रीय खेल मंत्री ने खो-खो विश्व कप जीतनेवाली भारतीय महिला और पुरुष टीम से की मुलाकात

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भारत में खेले गए पहले खो-खो विश्व कप का खिताब जीतने वाली पुरुष और महिला टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात करके दोनों टीमों बधाई दी। मांडविया ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर इस बात की जानकारी शेयर करते हुए लिखा, "पहले खो-खो वर्ल्ड कप को जीत कर इतिहास रचने वाली भारत की महिला और पुरुष टीम के साथ आज भेंट की। भारत के पारंपरिक खेल को विश्व स्तर गौरव दिलाने के लिए दोनों टीम को बधाई एवं भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। पूरे देश को आप पर सभी पर गर्व है।" नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में बीते रविवार



को खेले गए पहले खो खो विश्व कप 2025 के फाइनल मुकाबले में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने जीत दर्ज करते हुए खिताब अपने नाम किया। महिलाओं के फाइनल में भारतीय महिला खो खो टीम ने शुरूआत से ही नेपाल महिला टीम पर दबदबा बनाये रखा और 78-40 के एकतरफा स्कोर के साथ जीत दर्ज की। खो खो के पहले विश्वकप में भारत की महिला टीम के चैम्पियन बनने के बाद पुरुष टीम ने भी खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज की।

# इगा स्वियातेक ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में

## अमेरिका की नवारो को सीधे सेटों में हराया, 23 जनवरी को कीज से होगा मुकाबला

**एजेंसी**

**अमेरिका :** पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने अमेरिका की एम्मा नवारो पर आसान जीत के ऑस्ट्रेलियन ओपन के विमेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं अमेरिका की एक अन्य टेनिस खिलाड़ी मेडिसन कीज भी टूर्नामेंट के विमेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। विमेंस सिंगल्स के सेमीफाइनलिस्ट तय हो गए है। पहला सेमीफाइनल वर्ल्ड नंबर-1 आयार्ना सबालेंका और स्पेन की पाउला बडोसा के बीच खेला जाएगा। वहीं, दूसरा स्वियातेक और कीज के बीच खेला जाएगा।

**स्वियातेक ने नवारो पर आसान जीत दर्ज की**

**स्वियातेक** ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नवारो पर आसान जीत दर्ज की। उन्होंने पहला सेट 6-1 और दूसरा 6-2 से जीता। सेमीफाइनल में स्वियातेक का मुकाबला 23 जनवरी यानी कल कीज से होगा।

**कीज ने स्वितोलिना को हराया**

**अमेरिका** की मेडिसन कीज ने बुधवार को पिछड़ने के बाद वापसी की और जीत दर्ज की। कीज को यूक्रेन की 28वीं सीड एलिना स्वितोलिना के खिलाफ पहले सेट में 3-6 से हार झेलनी पड़ी। इसके बाद उन्होंने कमबैक किया, दूसरा सेट 6-3 और तीसरा सेट 6-4 से जीत लिया।



**नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल में पहुंचे**

**24 बार** के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। टेनिस के ओलिंपिक चैंपियन जोकोविच ने मेंस सिंगल्स में तीसरी सीड स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 4 सेट तक चले मुकाबले में पिछड़ने के बाद हराया। मेलबर्न के रोड लेवर एरिना में दूसरी ओर जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी अपना क्वार्टर फाइनल जीत लिया। जोकोविच के खिलाफ 21 साल के अल्काराज ने पहला सेट 6-4 से जीता। जोकोविच ने वापसी की और दूसरा सेट 6-4 के अंतर से ही अपने नाम कर लिया। जोकोविच ने अपना दबदबा कायम रखा और आखिरी 2 सेट 6-3, 6-4 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

**ज्वेरेव ने दबदबा बनाते हुए जीत दर्ज की**

**दूसरी** सीड जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिका के टॉमी पॉल के खिलाफ क्वार्टर फाइनल जीता। ज्वेरेव को शुरूआती 2 सेट जीतने में मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन उन्होंने 7-6, 7-6 के अंतर से दोनों सेट जीत लिए। पॉल ने वापसी की और तीसरा सेट 6-2 से अपने नाम किया।



चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए स्लोवियन ब्रेटिसलावा और वीएफबी स्टूगर्ट के खिलाड़ी।

## एक झलक


### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने किया एनईवी पोर्टफोलियो का विस्तार

रांची : जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने दो नये मॉडलों के लांच के साथ 'एक्सैसिबल लग्जरी' के नए युग में कदम रखा है। ये नए मॉडल हैं- भारत की पहली ऑल-इलेक्ट्रिक रोडस्टर एमजी साइबरस्टर और भारत की पहली इलेक्ट्रिक थ्री-रो प्रेसिडेंशियल लिमोजीन एमजी एम9; इन्हें इस साल लॉन्च किया जाना है। आज भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रस्तुत किये गये नये लग्जरी ब्रांड चैनल एमजी सिलेक्ट के तहत डेब्यू करते हुए ये नये मॉडल भारत में मोबिलिटी के एक नये युग की शुरुआत करने के कंपनी के विजन को दर्शाते हैं - जो इंटेलीजेंट, सस्टेनेबल और ग्राहक-केंद्रित है। एमजी साइबरस्टर और एम9 के लिए प्री-रिजर्वेशन आज से शुरू हो रहे हैं और ग्राहक www.mgselect.co.in पर लॉग इन करके इन दोनों कारों को प्री-बुक कर सकते हैं। इन दो नए मॉडलों के साथ, ब्रांड के पास जल्द ही विभिन्न सैगमेंट्स में पांच अलग-अलग मॉडलों के साथ सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो होगा, जिसमें एमजी विंडसर भी शामिल रहेगी जो अपने लॉन्च के बाद से सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार है, इसके अलावा शामिल होंगे- एमजी कॉमेट और एमजी जैड़एस।

### नयी मिनी कूपर एस जॉन कूपर वर्क्स पैक भारत में लॉन्च

रांची : मिनी इंडिया ने नयी मिनी कूपर एस जॉन कूपर वर्क्स पैक को लॉन्च करने की घोषणा की है। कार कम्प्लीटली बिल्ट-अप यूनिट (सीबीयू) के रूप में उपलब्ध होगी और इसे देश भर के सभी मिनी अधिकृत डीलर्स के साथ-साथ िवचण्उपदपण्पदण पर बुक किया जा सकता है। डिलीवरीज अप्रैल 2025 से शुरू होगी। पांचवीं पीढ़ी की मिनी कूपर एस में मिनी बॉडी लैंग्वेज एवं ओरिजिन्स के अलावा जॉन कूपर वर्क्स पैक की स्पोर्टीनेस के साथ प्रगतिशील टेक्नोलॉजी का संयोजन किया गया है। साथ में, इसमें एक नई पर्सनैलिटी और हॉलमार्क ड्राइविंग डायनैमिक्स के साथ एक इनोवेटिव पंच दिया गया है। श्री विक्रम पावह, प्रेसिडेंट और सीईओए बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, नयी मिनी कूपर एस जॉन कूपर वर्क्स पैक का लॉन्च, आधुनिक नवाचार के साथ सदाबहार डिजाइन को मिलाने की डच्छ् की विरासत पर जोर देता है। अपने डायनैमिक, स्पोर्टी एक्सटीरियर और विशेष जॉन कूपर वर्क्स ट्रिम के साथ, यह विशेष एडिशन शानदार ड्राइविंग का मजा देता है और प्रभावशाली पर्सनैलिटी का प्रतीक है।

# बढ़त के साथ बंद हुए सेंसेक्स व निफ्टी



नयी दिल्ली : मंगलवार की बड़ी गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार इंडेक्स शेयरों में हुई खरीदारी के कारण मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी तेजी के साथ हुई थी। हालांकि दिन के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कुछ देर के लिए लुढ़क कर लाल निशान में भी पहुंचे लेकिन इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने के कारण दोनों सूचकांकों में तेजी आ गई। पूरे दिन उतार चढ़ाव का सामना करने के बाद सेंसेक्स 0.75 प्रतिशत और निफ्टी 0.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। कारोबार में आईटी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसके साथ ही बैंकिंग और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। रियल्टी, पीएसई और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसके अलावा ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, मेटल और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.20 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

शेयर बाजार में आई मजबूती के बावजूद ब्रॉडर मार्केट में हुई जोरदार बिकवाली के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 421.96 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 424.07 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.11 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,059 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,147 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,797 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 115 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,559 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 635 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,914 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर बढ़त के साथ और 9 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 27 शेयर हरे निशान में और 23 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# सोना-चांदी की कीमतों में बदलाव नहीं

नयी दिल्ली : घरेलू सर्राफा बाजार सपाट स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। सोने की कीमत में कोई बदलाव नहीं होने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना मंगलवार के भाव पर ही यानी 81,380 रुपये से लेकर 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में ही कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 74,650 रुपये से लेकर 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच ही बिक रहा है। चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसके कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चमकीली धातु भी 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 81,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 81,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 81,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 81,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# गैर निवासी क्रूज शिप संचालकों के लिए आयकर अधिनियम में संशोधन अधिसूचित

नयी दिल्ली : प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने गैर-निवासी क्रूज शिप ऑपरेटरों के लिए अनुमानित कराधान व्यवस्था की प्रयोज्यता के लिए शर्तें निर्धारित करने हेतु आयकर नियमों में संशोधन को अधिसूचित किया है। आयकर विभाग ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के उपाय के रूप में वित्त अधिनियम, 2024 ने क्रूज जहाजों के संचालन के व्यवसाय में लगे गैर-निवासियों के लिए एक अनुमानित कराधान व्यवस्था शुरू की गई है। इसके अलावा किसी विदेशी कंपनी को भारत में ऐसे जहाजों का संचालन करने वाली संबंधित कंपनी से प्राप्त क्रूज जहाजों के पट्टा किराये से होने वाले इनकम के लिए भी छूट प्रदान की गई है। सीबीडीटी की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक इस प्रकल्पित कराधान व्यवस्था की प्रयोज्यता निर्धारित शर्तों के अधीन है। इसमें गैर-निवासियों के लिए निर्धारित इन शर्तों के अनुसार संचालित किए जाने वाले यात्री जहाज की वहन क्षमता 200 से अधिक यात्रियों की होनी चाहिए या इसकी लंबाई 75 मीटर या उससे अधिक होनी चाहिए तथा इसमें यात्रियों के लिए मनोरंजन और मनोरंजन के लिए उपयुक्त भोजन और केबिन की सुविधा होनी चाहिए।

**अधिसूचना के मुताबिक**

**संचालित** किये जाने वाले जहाज को भारत के कम से कम दो समुद्री बंदरगाहों या भारत के एक ही समुद्री बंदरगाहों को दो बार छूते हुए निर्धारित यात्रा या तटीय भ्रमण पर होना चाहिए। यह भी अनिवार्य है कि संचालित किया जाने वाला जहाज मुख्य रूप से यात्रियों को ले जाने के लिए हो, न कि माल ढोने के लिए। इसके अलावा जहाज को पर्यटन मंत्रालय या शिपिंग मंत्रालय द्वारा जारी प्रक्रिया और दिशानिर्देशों के अनुसार संचालित किया जाना होगा। इन संशोधनों का प्रस्ताव केन्द्रीय बजट में क्रूज-शिपिंग उद्योग को बढ़ावा देने के लिए किया गया था, जिसका उद्देश्य भारत को एक आकर्षक क्रूज पर्यटन स्थल बनाना, देश में क्रूज शिपिंग के लिए वैश्विक पर्यटकों को आकर्षित करना और घरेलू पर्यटकों के बीच क्रूज शिपिंग को लोकप्रिय बनाना था। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने पांच वर्षीय क्रूज भारत मिशन भी शुरू किया है, जिसका लक्ष्य 2029 तक 10 लाख यात्रियों तक पहुंच कर तथा 4,00,000 नौकरियां सृजित करके भारत में क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देना है।

### ईपीएफओ ने नवम्बर महीने के दौरान शुद्ध 14.63 लाख सदस्य जोड़े

नयी दिल्ली : रोजगार के मोर्चे पर अच्छी खबर है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने नवंबर महीने में शुद्ध रूप से (नेट) 14.63 लाख सदस्य जोड़े हैं। पिछले महीने अक्टूबर, 2024 के दौरान ईपीएफओ ने 13.41 लाख सदस्यों को जोड़ा था। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि ईपीएफओ ने नवंबर, 2024 में 14.63 लाख नेट सदस्यों को जोड़ा है, जबकि अक्टूबर, 2024 के दौरान ईपीएफओ ने 13.41 लाख सदस्यों को जोड़ा था। इस तरह ईपीएफओ से जुड़ने वाले सदस्यों की संख्या में शुद्ध 9.07 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी है। वहीं, सालाना आधार पर नवंबर 2023 की तुलना में शुद्ध सदस्यों की संख्या में 4.88 फीसदी की वृद्धि है। अनंतिम पेरोल डेटा के मुताबिक ईपीएफओ ने नवंबर, 2024 में करीब 8.74 लाख नये सदस्य जोड़े हैं।

# भारत की अक्षय ऊर्जा क्रांति: 2024 की उपलब्धियां व 2025 का लक्ष्य



नयी दिल्ली : भारत की कुल गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता 20 जनवरी, 2025 तक 217.62 गीगावाट तक पहुंच गई है। इसमें वर्ष 2024 में रिकॉर्ड तोड़ 24.5 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता और 3.4 गीगावाट पवन ऊर्जा क्षमता जोड़ी गई, जो 2023 की तुलना में सौर प्रतिष्ठानों में दोगुने से ज्यादा और पवन ऊर्जा प्रतिष्ठानों में 21 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि भारत जैसे-जैसे एक स्थायी भविष्य की ओर अपने को बढ़ा रहा है, इसके नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है। वर्ष 2024 में देश ने सौर और पवन ऊर्जा प्रतिष्ठानों, नीतिगत प्रगति तथा बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिससे वर्ष 2025 में महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के लिए मंच तैयार हो गया है। मंत्रालय के मुताबिक वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता हासिल करने की प्रतिबद्धता के साथ भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है। वर्ष 2024 में रिकॉर्ड तोड़ 24.5 गीगावाट सौर क्षमता और 3.4 गीगावाट पवन क्षमता जोड़ी गई, जो 2023 की तुलना में सौर प्रतिष्ठानों में दोगुने से अधिक वृद्धि और पवन प्रतिष्ठानों में 21 फीसदी की वृद्धि को दर्शाती है। मंत्रालय के मुताबिक यह बढ़ोतरी सरकारी प्रोत्साहन, नीतिगत सुधारों और घरेलू सौर और पवन टरबाइन विनिर्माण में बढ़े हुए निवेश के कारण संभव हुआ। भारत की अक्षय ऊर्जा वृद्धि में सौर ऊर्जा प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में बनी रही, जो कुल स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता का 47 फीसदी है। पिछले साल 18.5 गीगावाट सौर क्षमता की स्थापना हुई, जो 2023 की तुलना में करीब 2.8 गुना अधिक है। राजस्थान, गुजरात और तमिलनाडु शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों के रूप में उभरे, जिनका भारत के कुल सौर ऊर्जा उत्पादन में 71 फीसदी का योगदान रहा। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के मुताबिक रूफटॉप सोलर सेक्टर में भी 2024 में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिसमें 4.59 गीगावॉट की नई क्षमता स्थापित की गई जो वर्ष 2023 से 53 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। वहीं, वर्ष 2024 में शुरू की गई पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना ने इस विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे दस महीनों के भीतर 7 लाख रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन की सुविधा मिली। इसके अलावा ऑफ-ग्रिड सोलर सेगमेंट में 182 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, जो 2024 में 1.48 गीगावॉट जोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में भारत के ऊर्जा पहुंच लक्ष्यों को आगे बढ़ाता है।

# न्युवोको विस्टास ने वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 16 प्रतिशत बिक्री वृद्धि दर्ज की






जमशेदपुर : भारत की अग्रणी बिल्डिंग मटीरियल्स कंपनी, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, ने वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किए। कंपनी ने अपनी कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री में 16 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज कर 4.7 मिलियन टन (एमएमटी) का आंकड़ा छू लिया। इस अवधि में संचालन से कंपनी की कुल आय 2,409 करोड़ रुपए रही, जबकि कंसोलिडेटेड एबिटडा 258 करोड़ रुपये रहा। वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के सफल अधिग्रहण से कंपनी अपनी क्षमता 31 एमएमटीपीए तक बढ़ाने की दिशा में अग्रसर है। वीसीएल के अंतर्गत कच्छ में 3.5 एमएमटीपीए क्लिंकर यूनिट और सूरत में 6 एमएमटीपीए ग्राइंडिंग यूनिट शामिल हैं, जो कंपनी के विकास को नई दिशा देगा। कंपनी ने ऑपरेशनल दक्षता पर जोर देते हुए बिजली और ईंधन लागत को न्यूनतम बनाए रखा, जो 1.45 प्रति मैक कलोरी रही। आरएमएक्स और एमबीएम व्यवसायों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त, न्युवोको ने उद्योग में सबसे कम कार्बन उत्सर्जन का मानक स्थापित किया, जो प्रति टन सीमेंट उत्पादन पर 457 किलोग्राम सीओ2 है। इस संबंध में मैनेजिंग डायरेक्टर, जयकुमार कृष्णास्वामी ने कहा कि हमने मांग का लाभ उठाते हुए मजबूत बिक्री वृद्धि दर्ज की है। पश्चिमी भारत में विस्तार और रणनीतिक प्राथमिकताओं से कंपनी की स्थिति और मजबूत होगी।

# शो में चमकीली का नेगेटिव किरदार बनेगा यादगार



मुंबई : शेमारू उमंग आपके लिए एक नया एवं दिलचस्प ड्रामा, 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन' के कहानी की प्रमुख किरदार हैं चैना, इस किरदार को अभिनेत्री इशिता गांगुली ने निभाया है। चमकीली को नियंत्रण और सत्ता की भूख है और वह अपनी ताकत बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। चमकीली की सत्ता की भूख बेमिसाल है। वह हर कदम बेहद सोच-समझकर उठाती है और जब उसके साथ कोई भिड़ता है, तो उसके लिए सावधान रहना बेहद जरूरी हो जाता है, क्योंकि वह अपने वापसी वार में किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ती। उसकी यही हिम्मत और जुनून उसे एक दिलचस्प खलनायिका और यादगार किरदार बनाते हैं। 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन शो में चमकीली और चैना के बीच जबरदस्त टकराव देखने को मिलेगा, जहां दो महिलाएं सत्ता को पाने की लड़ाई लडती दिखाई देंगी। जहां एक तरफ, एक महिला सही इरादों के साथ है, तो वहीं दूसरी अपनी चालों से इसे हथियाने में जुटी है। यह शो दर्शकों को भरपूर भावनाओं, जबरदस्त ड्रामा और अचंभित करने वाले मोड़ों के साथ एक रोमांचक सफर पर ले जायेगा।

# काबरा ज्वेल्स की धांसू लिस्टिंग से खिले निवेशकों के चेहरे, पहले दिन ही दोगुना हुआ पैसा





नयी दिल्ली : गोल्ड और डायमंड की ज्वेलरी बनाने वाली कंपनी काबरा ज्वेल्स ने आज शेयरों की लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में शानदार शुरूआत की। इस जोरदार शुरूआत के कारण कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा पहले दिन ही लगभग दोगुना हो गया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 128 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर ये शेयर 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 243.20 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के बाद खरीदारों ने इसे हाथों हाथ लिया, जिसकी वजह से थोड़ी ही देर में ये शेयर उछल कर 255.35 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। काबरा ज्वेल्स का 40 करोड़ रुपये का आईपीओ 15 से 17 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 356.02 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 154.53 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 556.90 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 384.90 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 31.25 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने कर्ज के बोझ को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत मामूली उतार चढ़ाव के बावजूद मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 5.40 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में मामूली गिरावट के साथ 4.41 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। हालांकि इसके अगले साल 2023-24 में कंपनी का शुद्ध लाभ उछल कर 9.40 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 21 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ कर 164.24 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच कंपनी को 8.81 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इसी तरह इस अवधि में कंपनी 125.48 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल कर चुकी है।

## पेज एक के शेष

**मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन विधायक आवासीय परिसर का किया निरीक्षण, कार्य प्रगति की ली जानकारी, दिये कई निर्देश...**

सचिव अविनाश कुमार और भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अगले पांच वर्षों तक रहेगा जारी...**

अस्पताल (डीएच) स्तर तक ग्रामीण आबादी, विशेष रूप से कमजोर समूहों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण करना था। वर्ष 2012 में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन की अवधारणा बनायी गयी और एनआरएचएम को दो उप-मिशनों यानी एनआरएचएम और एनयूएचएम के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के रूप में पुनः नामित किया गया।

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्राप्त उपलब्धियां...**

मिशन ने 2.61 करोड़ से अधिक व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की।

- भारत ने खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान में 97.98 प्रतिशत कवरेज हासिल किया।
- मलेरिया नियंत्रण प्रयासों से मृत्यु दर और मामलों में कमी आयी है।
- कालाजार उन्मूलन लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा हुआ।
- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम ने वित्त वर्ष 2023-24 में 4.53 लाख से अधिक डायलिसिस रोगियों को लाभान्वित किया है।

**जूट के एमएसपी में 315 रुपये की बढ़ोतरी...**

क्विंटल की वृद्धि है। केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि 2014-15 के बाद से 2025-26 के दौरान जूट के खरीद मूल्य को 2400 रुपये से बढ़ा कर 5650 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। यानी इन सालों में एमएसपी में 2.35 गुना की वृद्धि की गयी है।

**रेलवे में 02 करोड़ से अधिक का घोटाला !...**

रेलवे के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक संतोष कुमार ने नगर ऊंटरी थाना में आवेदन देकर बाईकर अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद कुमार प्रजापति के विरुद्ध राशि गबन करने का मामला दर्ज कराया है। दोनों भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कोनमंडरा गांव के रहनेवाले हैं। फिलहाल, दोनों कर्मी फरार चल रहे हैं।

**क्या है मामला**

रेलवे स्टेशन आय की रकम को स्टेशन से लेकर बैंक में जमा करने के लिए रेलवे एवं एसबीआई द्वारा 31 अक्टूबर 2020 को एग्रीमेंट किया गया है। उसके बाद से एग्रीमेंट के तहत बैंक द्वारा अधिकृत एजेंसी (डब्ल्यूएसजी) के बाईकर द्वारा ही स्टेशन से टिकट बिक्री के पैसे को ले जाकर बैंक में रेलवे के खाता संख्या 32595570076 में जमा किया जाता है। इसके बाद बैंक से प्राप्त प्राप्ति रसीद को स्टेशन में जमा किया जाता है। किन्तु, जैसा कि बताया गया है, एजेंसी द्वारा नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के वर्ष 2023 में हुई टिकट बिक्री के पैसे लगभग 02 करोड़ 16 लाख 12 हजार 267 रुपये को एजेंसी के बाईकर अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद्र प्रजापति ने बैंक में जमा नहीं किया। जबकि, बैंक में राशि जमा करने की फर्जी प्राप्ति रसीद को स्टेशन प्रबंधक को लाकर जमा कर दिया। यह क्रम एक वर्ष तक चलता रहा। किन्तु, किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। बाईकर हर दस दिन एवं पंद्रह दिन पर बैंक में राशि जमा करने के नाम पर मोटी राशि का गबन करता गया और फर्जी रसीद स्टेशन प्रबंधक के यहां जमा करता गया।

**कैसे हुआ खुलासा**

धनबाद रेल मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों में लगातार राजस्व की कमी होने पर रेल विभाग हरकत में आ गया। रेलवे के उच्च अधिकारियों ने इसकी जांच पड़ताल शुरू की। अधिकारियों ने सभी स्टेशन को अपने स्टेशन से बाईकर द्वारा भेजी गयी रकम तथा एसबीआई में रेलवे के खाते में जमा की गयी रकम की जांच करने के आदेश दिये। जांच के क्रम में नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन प्रबंधक द्वारा जब बैंक से स्टेटमेंट एवं बाईकर द्वारा जमा की गयी प्राप्ति रसीद की जांच की, तो पता चला कि बाईकर ने बैंक में राशि को जमा ही नहीं किया है। साथ ही, फर्जी तरीके से प्राप्ति रसीद को स्टेशन में जमा किया है। जांच के क्रम में स्टेशन प्रबंधक ने पाया कि 01 जनवरी 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक लगभग 02 करोड़ 16 लाख 12 हजार 267 रुपये बाईकर अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद्र प्रजापति ने स्टेशन से बैंक में जमा करने के लिए पैसे लिये, किन्तु बैंक में रेलवे के खाता नम्बर 32595570076 में जमा ही नहीं किया। बैंक द्वारा दिये गये स्टेटमेंट में भी इसकी पुष्टि हुई है। स्टेशन प्रबंधक ने इसकी सूचना तत्काल रेलवे के वरीय अधिकारियों को दी। इस आलोक में सीटीआई मनुराम के निर्देश पर स्टेशन प्रबंधक ने नगर ऊंटारी थाने में आवेदन देकर बाईकर अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद्र प्रजापति के विरुद्ध सरकारी राशि का गबन करने का मामला दर्ज कराया है। संदर्भ पर दोनों आरोपियों बाईकर अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद्र प्रजापति का पक्ष नहीं मिल पाया है। इनका पक्ष मिलने पर उसे भी प्रकाशित किया जायेगा।

**बोकारो में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर, दो पुलिसकर्मी घायल...**

के जवानों के साथ बोकारो एसपी ने इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया। सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों को देख कर नक्सलियों ने उनको निशाना बना कर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी मोर्चा सम्भाल लिया और देखते ही देखते दोनों ओर जम कर गोलीबारी शुरू हो गयी।

बताया जा रहा है कि नक्सलियों के खिलाफ इस ऑपरेशन की कमान बोकारो एसपी स्वयं संभाल रहे हैं। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और जंगल में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है और इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

**'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान ने लैंगिक भेदभाव को दूर करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी : प्रधानमंत्री...**

को शिक्षा और अपने सपनों को पूरा करने के अवसरों तक पहुंच मिले।

प्रधानमंत्री ने लिखा, 'लोगों और विभिन्न सामुदायिक सेवा संगठनों के समर्पित प्रयासों के कारण #बेटीबचाओबेटीपढ़ाओ ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। कम बाल लिंग अनुपात वाले जिलों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और जागरूकता अभियानों ने लैंगिक समानता के महत्त्व की गहरी समझ पैदा की है।'

उन्होंने लिखा, 'मैं उन सभी हितधारकों की सराहना करता हूं, जिन्होंने इस आन्दोलन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाया है। आइए, हम अपनी बेटियों के अधिकारों की रक्षा करना जारी रखें, उनकी शिक्षा सुनिश्चित करें और एक ऐसा समाज बनायें, जहां वे बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़ सकें। एक साथ मिल कर, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आनेवाले वर्ष भारत की बेटियों के लिए और भी अधिक प्रगति और अवसर लेकर आयें।

**झारखंड के 08 जांबाज आईपीएस अधिकारियों को सम्मान...**

गौरतलब है कि सम्मानित होनेवाले आठों आईपीएस अधिकारियों ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान बेहतरीन सुरक्षा प्रणाली तैयार की थी। इसके बल पर बिना किसी हिंसा के झारखंड जैसे नक्सल प्रभावित राज्य में लोकसभा और विधानसभा चुनाव सम्पन्न कराया गया।

**इन आईपीएस अफसरों को मिलेगा सम्मान**

साकेत कुमार सिंह, आईजी सीआरपीएफ, झारखंड सेक्टर
अमोल वेणुकांत होमकर, आईजी अभियान सह नोडल पुलिस पदाधिकारी
माइकल राज, आईजी, बोकारो रेंज
अनूप बिरथरे, आईजी, झारखंड जगुआर
इंद्रजीत महथा, डीआईजी, झारखंड जगुआर
धनंजय कुमार सिंह, डीआईजी, झारखंड पुलिस
रीष्मा रमेशन, एसपी, पलामू
मिथिलेश कुमार, उप समादेष्टा, झारखंड पुलिस

**लाल किला प्रांगण में 26 से 31 जनवरी तक होगा भारत पर्व का आयोजन...**

अकादमी की पूरी टीम ने फैब्रिकेटर के साथ मिल कर रात दिन काम किया है।

उल्लेखनीय है कि भारत पर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर वर्ष 2014 से दिल्ली में अनवरत मनाया जा रहा है। इस पर्व का उद्देश्य विविधताओं से भरे भारत के सांस्कृतिक वैभव का प्रदर्शन करना और कलाकारों का उत्साहवर्द्धन करना है।

भारत पर्व में इस बार राजस्थान की झांकी भी अन्य झांकियों के साथ दिल्लीवासियों और देश-विदेश के दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करेगी।

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर होगा विशेष आयोजन, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी मुख्य अतिथि**

**15वां** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को पूरे देश में मनाया जायेगा। इस अवसर पर चुनाव आयोग राष्ट्र के प्रति अपनी समर्पित सेवा के 75 वर्ष भी मना रहा है। जल्द ही भारत के कुल मतदाता 100 करोड़ के आंकड़े के करीब पहुंच रहे हैं। चुनावी डेटाबेस फिलहाल 99.1 करोड़ है। नयी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त भी इस कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे।

चुनाव आयोग के अनुसार इस कार्यक्रम में चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुख और प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। वे 23-24 जनवरी को आयोग की ओर से आयोजित 02 दिवसीय सम्मेलन में दुनियाभर में चुनाव प्रबंधन में सामने आनेवाले प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श भी करेंगे।

इस वर्ष की थीम ह्य'वोटिंग से बढ़ कर कुछ नहीं, मैं निश्चित रूप से वोट करता हूं', पिछले वर्ष की थीम की निरन्तरता में है। इसमें चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी के महत्त्व पर जोर दिया गया है और मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में गर्व महसूस करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति राज्य और जिला अधिकारियों को सर्वश्रेष्ठ चुनावी व्यवहार पुरस्कार प्रदान करेंगी। इन्होंने चुनावों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने में अनुकरणीय प्रदर्शन किया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार राष्ट्रपति को ह्य'इंडिया वोट्स 2024: ए सागा ऑफ डेमोक्रेसी' नामक कॉफी टेबल बुक की पहली प्रति भेंट करेंगे। साथ ही, आयोग राष्ट्रपति को आयोग के प्रकाशन 'बिलीफ इन द बैलट : ह्यूमन स्टोरीज शेपिंग इंडियाज 2024 इलेक्शन' भी भेंट करेगा।

वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी की ओर से निर्मित आगामी डॉक्यू-ड्रामा सीरीज 'इंडिया डिसाइड्स' की एक छोटी क्लिप भी इस कार्यक्रम में जारी की जायेगी। तीन-भागों की यह सीरीज दुनिया के सबसे बड़े चुनावों के इतिहास और निर्माण पर गहराई से प्रकाश डालती है।

## एक झलक

### पाकिस्तान में पतंग उड़ाने पर 5 साल जेल

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पतंग उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसे लेकर पंजाब विधानसभा ने एक बिल भी पास किया है। पतंग उड़ाते पकड़े जाने पर 3 से 5 साल की जेल या 20 लाख पाकिस्तानी रुपए (6 लाख भारतीय रुपए) का जुमार्ना या फिर दोनों हो सकते हैं। जुमार्ना न भरने पर एक साल की अतिरिक्त जेल भी हो सकती है। बिल में पतंग बनाने वाले और इसे बेचने वालों के लिए भी कठोर सजा का ऐलान किया गया है। इन्हें 5 से 7 साल जेल या 50 लाख रुपए जुमार्ना या दोनों हो सकते हैं। जुमार्ना न भरने पर 2 साल की अतिरिक्त जेल हो सकती है। इस कानून में नाबालिगों के लिए सजा का प्रावधान अलग से किया गया है। नाबालिगों को पहली बार अपराध करने पर 50 हजार रुपए और दूसरी बार में 1 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया जाएगा। तीसरी बार अपराध करने पर 2018 के जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत सजा दी जाएगी।

### हिजबुल्लाह के टॉप लीडर हमादी की हत्या

**बेरूत :** लेबनान में हिजबुल्लाह के एक टॉप लीडर शेख मुहम्मद अली हमादी की मंगलवार को हत्या कर दी गई। बेका वैली में स्थित अपने घर के बाहर वह खड़े था, तभी दो गाडि?ों में आए आतंकियों ने उसपर हमला कर दिया। इस हमले में हमादी को कई गोलियां लगीं। इसके बाद उसे पास के हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच पाई। अज्ञात हमलावर गोलीबारी के बाद फरार हो गए, स्थानीय प्रशासन घटना की जांच कर रहा है। अभी तक हमादी की हत्या की वजह का पता नहीं चला है। न ही अभी तक किसी ने इसकी जिम्मेदारी ली है। लेबनान की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हत्या पॉलिटिकल नहीं है ,बल्कि चार साल पुराना पारिवारिक विवाद इसकी वजह हो सकती है। वहीं, कुछ रिपोर्ट्स में इस हत्या के पीछे इजराइल का हाथ भी बताया जा रहा है।

### जन्मजात नागरिकता खत्म करने के आदेश का विरोध

**वॉशिंगटन :** डोनाल्ड ट्रम्प के जन्मजात नागरिकता खत्म करने के आदेश का अमेरिका में विरोध शुरू हो गया है। 22 राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने दो फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में इसके खिलाफ मुकदमा दायर कर आदेश को रद्द करने के लिए कहा। ट्रम्प के इस आदेश के बाद अवैध प्रवासियों या वीजा पर रहने वाले लोगों के उन बच्चों को नागरिकता नहीं मिल पाएगी जिनका जन्म अमेरिका में हुआ है। ट्रम्प ने इस आदेश को लागू करने के लिए 30 दिन का समय दिया है। ट्रम्प का ये आदेश अमेरिकी बच्चों को मिलने वाले जन्मजात नागरिकता के अधिकार को चुनौती देता है। इससे हर साल 1.5 लाख नवजातों को गरिकता पर संकट आ गया है।

### अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई, चार बांग्लादेशी गिरफ्तार

**ढाका :** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अवैध घुसपैठ पर कड़ी नीति अपनाने की घोषणा के बाद से कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने बिना दस्तावेज वाले अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी के तहत अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने चार बांग्लादेशी नागरिकों को न्यूयॉर्क से गिरफ्तार किया है। बांग्लादेश का प्रमुख समाचार पत्र प्रोथोम अलो की रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीई ने बुधवार को चार बांग्लादेशियों को न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन बोरो के फुल्टन इलाके से गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि ट्रंप के शपथ लेने और आव्रजन से संबंधित कार्यकारी आदेशों की एक श्रृंखला पारित करने के बाद से गैर-दस्तावेजी अवैध अप्रवासी 'डर में' जी रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'जमीन पर देखा गया है कि बंगाली बहुल इलाकों में सड़कें और रेस्तरां, जहां लोगों की भारी भीड़ हुआ करती थी, अब लगभग पूरी तरह से खाली हैं।

# राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर बीएसएफ का हाई अलर्ट, ऑपरेशन सर्द हवा शुरू

एजेंसी

**जोधपुर :** राजस्थान में भारत-पाकिस्तान सरहद पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का ऑपरेशन सर्द हवा गुरुवार से शुरू हो गया। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के मद्देनजर सरहद पर बीएसएफ हाई अलर्ट पर है। बीएसएफ के सभी जवान और अधिकारी 29 जनवरी तक चलने वाले ऑपरेशन सर्द हवा के तहत सरहद पर मुस्तैद रहेंगे और आधुनिक हथियारों के साथ निगरानी करेंगे।

दरअसल, सरहद पर कड़ाके की सर्दी के मौसम में किसी भी तरह की घुसपैठ व अवांछनीय गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से बीएसएफ ने गणतंत्र दिवस से ठीक पहले ऑपरेशन सर्द हवा के नाम से अभियान चलाता है। इस अभियान में बीएसएफ की तरफ से निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए सुरक्षा पहरा और कड़ा करने के लिए नफरी बढ़ाई जाती है। बीएसएफ डीआईजी नॉर्थ सेक्टर योगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सरहद पर बीएसएफ सालभर चौकस है लेकिन इन दिनों ज्यादा सतर्कता बरती जा रही है। आधुनिक हथियारों के साथ 24 घंटे सरहद पर पहरा रहेगा ताकि किसी भी तरह की अवांछनीय घटना पर तत्काल एक्शन हो सके। इस ऑपरेशन सर्द हवा के तहत सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी भी सीमा चौकियों में दिन-रात रहकर चौकसी पर नजर रखेंगे।



बल के अधिकारी सीमा चौकियों पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ सीमा चौकियों में रात्रि विश्राम भी करते हैं।

### ऊंट सवारों की गश्त और पेट्रोलिंग बढ़ी

**ऑपरेशन** सर्द हवा के दौरान बीएसएफ की तरफ से अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पैदल जवानों और वाहनों के साथ रेगिस्तान के जहाज कहलाने वाले ऊंटों पर सवार होकर गश्त बढ़ाई गई है। किसी भी तरह की अवांछनीय हरकत को रोकने और सीमा पार से घुसपैठ जैसे किसी भी नापाक मंसूबे को विफल करने के लिए सुरक्षा प्रबंधों को चाक-चौबंद किया गया है। अभियान के दौरान सुरक्षा प्रहरियों को विशेष सतर्कता बरतने व हर सूचना से उच्चाधिकारियों को अवगत करवाने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### सीमा क्षेत्र में अतिरिक्त नफरी तैनात

**ऑपरेशन** सर्द हवा के दौरान सीमा क्षेत्र में अतिरिक्त नफरी तैनात की गई है। बटालियन और सेक्टर मुख्यालयों पर नियुक्त सीमा सुरक्षा बल के जवानों को तारबंदी की निगरानी के लिए भेजा गया है। सीमा क्षेत्र में किसी भी तरह के अंतराल को भरा गया है। सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को कई चरणों में बांटकर उसे और ठोस बनाने पर जोर दिया गया है। ऑपरेशन सर्द हवा के दौरान सीमा पर आधुनिक हथियारों और तकनीकी उपकरणों का इस्तेमाल किया जाता है।

# नीति निर्माण के लिए प्रशिक्षित लोगों की जरूरत : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश में हमारे पास मौलिक अधिकार हैं, जो हमें न्यायपालिका तक पहुंचने का अधिकार देता है लेकिन पिछले कुछ दशक में इसे दूसरी तरह का हथियार बना लिया गया है, जो शासन व्यवस्था व लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए बड़ी चुनौती है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ बुधवार को अपने आवास पर भारतीय लोकतांत्रिक नेतृत्व संस्थान (आईआईडीएल) के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हर दिन आप देखते हैं कि सलाहें जारी की जा रही हैं, कार्यकारी कार्य ऐसे निकायों कर रहे हैं जिनके पास उन्हें करने का कोई अधिकार क्षेत्र या न्यायिक अधिकार अथवा क्षमता नहीं है। हमारा संविधान संस्थाओं को अपने क्षेत्राधिकार में काम करना निर्देशित करता है लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि संस्थाएं अपनी सुविधा के लिए अन्य संस्थाओं के सामने झुक रही हैं, पर खुश करने के ये तरीके अल्पकालिक लाभ तो दे सकते हैं, लेकिन लंबे समय में ये संस्थानों के आंतरिक तंत्र को ऐसी क्षति पहुंचा सकते हैं कि जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने इस पर विचार करने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस विचार से लोगों को भी जोड़ना होगा। उन्हें बताना होगा कि भारत का विश्वास सबसे विशाल मानव संसाधन है, पर खुद का आकलन करना होगा कि दिखावटी उपलब्धियों के सहारे नहीं रहा जा सकता।

प्रतिनिधियों को उपराष्ट्रपति ने संसद में व्हिप के प्रावधानों पर बताया कि व्हिप क्यों होना चाहिए? व्हिप का मतलब है कि आप अभिव्यक्ति पर अंकुश लगा रहे हैं, आप स्वतंत्रता नियंत्रित कर रहे हैं और अपने पार्टी प्रतिनिधियों को आदेश पालक बना रहे हैं। आप उन्हें अपने विवेक के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दे रहे हैं। आप खुद देखें कि अमरीका में व्हिप है या नहीं। पता लगाएं कि पिछले दस वर्षों में सीनेट के फैसले किस तरह से समझाने-बुझाने से प्रभावित हुए हैं, लेकिन जब आप व्हिप जारी करते हैं, तो इसमें कोई विमर्श नहीं होता है। किसी को समझाया-बुझाया नहीं जाता, केवल आदेश किया जाता है। राजनीतिक दलों से लोकतंत्र को बढ़ावा देने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन चुने हुए प्रतिनिधियों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के आड़े व्हिप आ जाता है।

■ भारतीय लोकतांत्रिक नेतृत्व संस्थान के प्रतिनिधियों से उपराष्ट्रपति ने की वार्ता



### आज युवा के पास है सोशल मीडिया की ताकत

**उपराष्ट्रपति** ने जनप्रतिनिधियों को उत्तरदायी बनाने के लिए युवाओं को प्रेरित करने की जरूरत बताई। आज युवा के पास सोशल मीडिया की ताकत है और संसदीय संस्थाओं, उनके कामकाज, सांसदों के प्रदर्शन का लेखा-जोखा का ब्योरा प्रकाशित-प्रसारित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप उन लोगों को आइना दिखा सकते हैं, जो अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करने की बजाय ऐसे कार्यों में लिप्तक हो रहे हैं, जिन्हें कोई भी माता-पिता अपने बच्चों को नहीं दिखाना चाहेंगे। उपराष्ट्रपति ने इस परिदृश्य को बदलने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि नीति निर्माण में प्रशिक्षित लोगों की जरूरत है, जो राजनीति जानते-समझते हों। सरकार को जवाबदेह बनाना आसान नहीं है। इसका एक मात्र तरीका विधायिका के मंच से संभव है, क्योंकि तभी सरकार को बताया जा सकता है कि कहां सुधार की आवश्यकता है।

# नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नमो एप के माध्यम से ह्यमेरा बूथ सबसे मजबूतह्न कार्यक्रम के तहत दिल्ली भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकताओं से संवाद किया और पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जीत का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने बूथ कार्यकर्ता को पार्टी की असली शक्ति बताया और प्रत्येक बूथ पर मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ने और हर बूथ पर 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करने के लिए बूथ में रहने वाले सभी नागरिकों का दिल जीतने का आह्वान किया। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही दिल्ली सरकार के घोटालों से भी अवगत कराने की जरूरत बताई। प्रधानमंत्री ने आबकारी घोटाले को लेकर कहा कि आज दिल्ली में शराब उपलब्ध है, लेकिन लोगों को पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के बूथ कार्यकर्ता पर आआपा वालों की पोल खोलने की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आप अपने बूथ की हर उस गली की तस्वीर खींचे, वीडियो बनाएं जहां गंदा पानी बह रहा है, नाली टूटी हुई है, गंदगी के जो ढेर हैं और उन तस्वीरों को आप लोकेशन के साथ लोगों से शेयर करें। दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने का श्रेय बूथ स्तर के कार्यकर्ता को देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में संगठन की ताकत की बदौलत हर बूथ पर यही शक्ति इस बार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड विजय दिलाएगी।




■ प्रत्येक बूथ पर 50 फीसदी से अधिक वोट हासिल करने को सभी नागरिकों का दिल जीतने का आह्वान

■ केन्द्रीय योजनाओं के प्रचार, आआपा सरकार के घोटालों को जन-जन तक पहुंचाने की बतायी जरूरत

### गुलमर्ग में आयेगा बर्फबारी का एक और दौर

**श्रीनगर :** कश्मीर के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में बर्फबारी का एक और दौर आया, जबकि पिछले 24 घंटों के दौरान कुछ मैदानी इलाकों में बारिश भी हुई। 23 जनवरी को मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और जम्मू और कश्मीर के विभिन्न क्षेत्रों में बर्फबारी का एक और दौर होने का अनुमान है।

श्रीनगर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार जम्मू के मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि चिनाब घाटी और पीर पंजाल रेंज के ऊंचे इलाकों सहित जम्मू और कश्मीर के कई इलाकों में बुधवार को हल्की से मध्यम बर्फबारी होने की संभावना है।

## मिसरोद बीआरटीएस से रत्नागिरी तिराहे तक कॉरिडोर निर्माण शीघ्र होगा पूरा : गडकरी

एजेंसी

**भोपाल :** केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने भरोसा दिया है कि मिसरोद बीआरटीएस कॉरिडोर से सीआरआरआई एमप्री से रत्नागिरी तिराहा तक एलिवेटेड कॉरीडोर मार्ग का निर्माण शीघ्र पूरा होगा। इस संबंध में विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कारीडोर के निर्माण के बाद भोपाल के लोगों को राहत मिलेगी।

दरअसल मध्य प्रदेश की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके निवास मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि भोपाल में नर्मदापुरम मार्ग पर बन रहे मिसरोद बीआरटीएस कॉरिडोर से सीआरआरआई एमप्री से रत्नागिरी तिराहा तक एलिवेटेड कॉरीडोर का निर्माण में काफी विलंब हो रहा है। यह कार्य जिस गति से होना चाहिए, उस गति से नहीं हो रहा है। एलिवेटेड कॉरीडोर निर्माण से भोपाल महानगर के एक बड़े हिस्से की आबादी को आवागमन में सुविधा होगी।

■ केन्द्रीय मंत्री गडकरी से मिलीं मंत्री कृष्ण गौर, कॉरिडोर निर्माण का किया था अनुरोध

# उत्तराखंड में दस लाख महिलाएं प्रशिक्षण के बाद बनेंगी आपदा सखी



■ प्राथमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में आपदा प्रबंधन विषय होगा शामिल

■ आपदा जोखिम को कम करने के लिए बीमा योजना की जायेगी तैयार

एजेंसी

**देहरादून :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आपदा प्रबंधन विभाग को प्रदेश में 65000 से अधिक महिला स्वंय सहायता समूहों की 10 लाख से अधिक महिलाओं को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देकर उन्हें आपदा सखी बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आपदा सखी आपदाओं के दौरान ग्राम और तहसील स्तर पर राहत व बचाव कार्यों में सहायता करेंगी। इसके अलावा उन्होंने आपदा जोखिम को कम करने के लिए बीमा योजना को लागू करने को भी कहा।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर सेन्डई (जापान) फ्रेमवर्क क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव ने आपदा जोखिम आंकलन के लिए प्रशिक्षित अधिकारियों की कमी के मुद्दे को गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावित क्षेत्रों और गांवों में जोखिम आंकलन के लिए तत्काल मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण देकर तैयार किया जाए। कहा कि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अन्य देशों व राज्यों के मॉडल को अपनाने के बजाय विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड केंद्रित आपदा प्रबंधन मॉडल तैयार किया जाए।

### जकार्ता में हुआ बहुराष्ट्रीय अभ्यास ला पेरोस


**नयी दिल्ली :** दक्षिण पूर्वी महासागर क्षेत्र में तैनात भारतीय नौसेना का स्वदेशी विध्वंसक पोत आईएनएस मुंबई इंडोनेशिया के जकार्ता में बहुराष्ट्रीय अभ्यास ला पेरोस में हिस्सा लिया। इस अभ्यास का मकसद इंडो-पैसिफिक में समुद्री संबंधों को मजबूत करना, समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपसी तालमेल बढ़ाना और अपने कौशल को एक साथ निखारना था। स्वदेशी विध्वंसक के साथ लंबी दूरी के समुद्री निगरानी पी-8आई विमान ने फ्रेंच-सीएसजी, रॉयल नेवी और रॉयल कैनेडियन नौसेना इकाइयों के साथ बहुराष्ट्रीय अभ्यास के समुद्री चरण में भाग लिया।

## अक्षय ने 'भूल भुलैया' के सीक्वल में न दिखने की बतायी वजह

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने अब तक के करियर में हर तरह के किरदार निभाए हैं। उन्होंने न सिर्फ अपने एक्शन अवतार से बल्कि अपने कॉमिक किरदारों से भी दर्शकों का दिल जीता है। वर्ष 2007 में एक्टर की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया' रिलीज हुई थी, जो ब्लॉकबस्टर हुई और बाद में क्लासिक बन गई। इसके बाद 'भूल भुलैया' के दो सीक्वल भी बने। हालांकि, दोनों सीक्वल में अक्षय की जगह अभिनेता कार्तिक आर्यन को लिया गया। अब एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार ने 'भूल भुलैया' फ्रेंचाइजी छोड़ने की वजह बताई है। इस समय अक्षय कुमार वीर पहाड़िया के साथ अपनी आने वाली फिल्म स्काई फोर्स का प्रमोशन में लगे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अक्षय कुमार ने आने वाली एक्शन-थ्रिलर स्काई फोर्स के बारे में बात की। अक्षय ने भी फैन्स के कुछ सवालों के जवाब दिए। दरअसल, दर्शकों में से किसी ने कहा कि उन्होंने भूल भुलैया-2 और 3 नहीं देखी क्योंकि अक्षय कुमार इसका हिस्सा नहीं थे। यह पूछे जाने पर कि उन्होंने भूल भुलैया फ्रेंचाइजी से नाता क्यों तोड़ लिया, अभिनेता ने कहा, 'बेटा, मुझे निकाल दिया गया था। इतना ही।'

अक्षय कुमार ने 'हेरा फेरी-3' पर दिया बड़ा अपडेट'भूल भुलैया' पर चर्चा के अलावा अक्षय ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हेरा फेरी-3' पर भी अपडेट दिया। उन्होंने कहा, 'मैं हेरा फेरी-3 के शुरू होने का इंतजार कर रहा हूं।



# वीरांगना सम्मान सामाजिक फाउंडेशन ने शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर गरीबों में बांटे कम्बल




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रेवाड़ी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 428वीं पुण्यतिथि पर वीरांगना सम्मान सामाजिक फाउंडेशन ने राजवंशी नगर पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर के 50 जरूरतमंदों में कम्बल और लाई का वितरण किया। उसके बाद हनुमान जी की पूजा-अर्चना भी की।

देश के इतिहास में ऐसे महान योद्धा, जिनमें किसी भी परिस्थिति में हार न मानने का जज्बा रहा हो, इनका संघर्ष हमेशा से युवाओं को प्रेरणास्त्रोत बना रहा है।

कहते हैं...

**शौर्य की नयी परिभाषा लिखी थी।**
**बुलंदी की एक नयी गाथा लिखी थी।।**
**मरे हुए भार में जिसने नयी जान फूंकी थी।**
**उस महाराणा प्रताप जी को शत् शत् नमन है।।**






इस आयोजन में निशा सिंह के साथ संरक्षक अनुपमा सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुपमा सिंह, सुषमा सिंह, नीलम सिंह (बोरिंग रोड), नमिता सिंह, मीना सिंह, पिंकी गौतम, मधुबाला सिंह, नीलम सिंह (बहादुरपुर), सीमा सिंह (सगुना मोड़), सीमा सिंह (पटेल नगर), श्रीटी सिंह, पूनम सिंह, पूजा सिंह, गीता सिंह, नीतू सिंह, ममता सिंह, अनामिका सिंह (पटेल नगर), मंजू सिंह, बेबी सिंह, अनामिका सिंह, सुनीता सिंह आदि वीरांगनाएं उपस्थित थीं।